
RNI N.- BIHBIL/2022/88070
राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र
www.bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"



पटना, वर्षः 7 , अंकः91 , शुक्रवार, 15 मई 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com


मधुबन के पीएम श्री विद्यालय में सखी वार्ता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित 03


उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाईः अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार 04

मातृत्व अनुभव को सांझा करते हुए रोने लगी कियारा आडवाणी 07

## संक्षिप्त समाचार

### पश्चिम बंगाल के स्कूलों में 'वंदे मातरम्' अनिवार्य, प्रार्थना सभा में गाया जाएगा राष्ट्रीय गीत

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के सभी सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में अब प्रार्थना सभा के दौरान 'वंदे मातरम्' गाना अनिवार्य होगा। स्कूलों को निर्देश जारी किए गए हैं कि छात्र-छात्राएं नियमित रूप से राष्ट्रीय गीत का गाएंगे। इससे बच्चों में देशभक्ति, अनुशासन और राष्ट्रीय एकता की भावना मजबूत होगी।



**18 मई से लागू किया जाएगा नियम-** पश्चिम बंगाल शिक्षा विभाग ने इस फैसले को लेकर सभी स्कूलों और शिक्षण संस्थानों को निर्देश जारी किए हैं। अब राज्य के सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में सुबह की प्रार्थना सभा के दौरान 'वंदे मातरम्' गाना अनिवार्य होगा। यह नियम 18 मई (सोमवार) से लागू किया जाएगा। साथ ही निजी स्कूलों से भी राष्ट्रीय गीत को प्रार्थना सभा में शामिल करने की अपील की गई है।

### सीएम थलपति विजय ने तमिलनाडु के सरकारी कर्मचारियों और शिक्षकों को दिया तोहफा

**चेन्नई (एजेंसी)।** सीएम थलपति विजय की अगुवाई वाली तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) सरकार ने तमिलनाडु के सरकारी कर्मचारियों और शिक्षकों को बड़ा तोहफा दिया है।



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी जोसफ विजय ने गुरुवार को सरकारी कर्मचारियों और शिक्षकों के महंगाई भत्ते में दो प्रतिशत वृद्धि की घोषणा की। एक आधिकारिक प्रेस रिलीज के अनुसार, इस संशोधन के साथ महंगाई भत्ता (डीए) 58 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो जाएगा। यह इजाफा एक जनवरी 2026 से प्रभावी होगी। महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी से राज्य सरकार पर सालाना 1,230 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च आएगा।

### पाक ने अगर भारत पर नजर उठाने की जुर्रत की तो... जो अब तक नहीं हुआ है वह होकर रहेगा : रक्षामंत्री

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पड़ोसी देश पाकिस्तान को आगाह करते हुए कहा कि अगर उसने फिर से भारत के ऊपर नजर उठाने की जुर्रत करने की कोशिश भी की तो जो अब तक नहीं हुआ है वह होकर रहेगा।



उन्होंने दो टूक कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने दुनिया को साफ संदेश दे दिया है कि हम आतंकवाद को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारतीय सेनाओं के 'आपरेशन सिंदूर' ने नया इतिहास बनाया है। रक्षा मंत्री नागौर के मेड़ता कस्बे में राजपूत शासक राव दूदा की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

### वीडी सतीशन केरलम के सीएम होंगे

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता वी डी सतीशन केरलम के नए सीएम होंगे। कांग्रेस ने राज्य के चुनाव नतीजे घोषित होने के 10 दिन बाद गुरुवार को इसका ऐलान किया।



61 साल के सतीशन परावूर सीट से विधायक हैं। कांग्रेस नेता दीपा दासमुंशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पार्टी ने तिरुवनंतपुरम में 7 मई को मीटिंग की थी। पार्टी अध्यक्ष खड़गे, राहुल गांधी से चर्चा के बाद तय किया गया कि केरलम सीएम वीडी सतीशन होंगे। नाम के ऐलान होने का बाद सतीशन ने कहा- मैं इस पद को निजी उपलब्धि नहीं बल्कि दैवीय कृपा मानता हूं। मैं वेणुगोपाल, रमेश चेन्निथला समेत सभी नेताओं को अपने विश्वास में लूंगा।

## मप्र देवास की पटाखा फैक्ट्री में धमाके के बाद लगी आग

# तीन लोगों की मौत, कई घायल

### सीएम ने चार-चार लाख मुआवजे की घोषणा की





**भोपाल/देवास (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के देवास में एबी रोड पर मौजूद पटाखा फैक्ट्री में गुरुवार को आग लगने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई है। जबकि, कई लोगों के घायल होने की जानकारी आ रही है।

लोगों की माने तो धमाका इतना भीषण था कि सड़क तक मांस के लोथड़े उड़कर आ गए। वहीं कई शव भी सड़क तक उड़कर पहुंच गए।

यह पटाखा फैक्ट्री जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर टोंककला के पास मौजूद है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसे में 23 से अधिक लोग गंभीर रूप से झुलसे हैं।

इसके साथ ही मौत का आंकड़ा बढ़ने की उम्मीद है। धमाका के बाद पटाखा फैक्ट्री के चारों ओर धुआं ही धुआं नजर आ रहा है, इसके साथ ही आसपास लोगों की भीड़ जाम हो गई है।

### बिहार के अररिया जिले के रहने वाले थे मजदूर

यहां काम कर रहें मजदूर बिहार के अररिया जिले के बताए जा रहे हैं। जिला अस्पताल से अब तक 11 घायलों को रेफर किया गया है। इसके साथ ही अमलतास और इंदौर के चोइथराम अस्पताल भी घायलों को भेजा गया है। इसके अलावा सूचना मिलते ही कलेक्टर, एडीएम और एसडीम सहित तमाम वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और राहत कार्य को लेकर आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं। फैक्ट्री में अब भी भारी मात्रा में बारूद और बने हुए पटाखे मौजूद है। प्रशासन की टीम आग पर काबू करने के बाद पूरे एरिया को सैनिटाइज करने में जुटी हुई है। संभागायुक्त आशीष सिंह के मौके पर पहुंचने पर भीड़ ने उन्हें घेर लिया और आक्रोश व्यक्त करते हुए जमकर नारेबाजी की। इस दौरान लोगों ने प्रशासन के खिलाफ रोष प्रकट किया।

# उप्र में आंधी-तूफान का खौफनाक कहर, 104 लोगों की मौत

### 80 किमी की आंधी में युवक उड़ा

### राजस्थान में गर्मी का रेड अलर्ट, मप्र भी हीटवेव की चपेट में



**लखनऊ/भोपाल/जयपुर/पटना (एजेंसी)।** देश में दो तरह का मौसम देखने को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज-अयोध्या समेत 30 जिलों में आंधी-तूफान के कारण 104 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 21 मौतें प्रयागराज और 17 मौतें भदोही में हुईं।

यहां 80 किमी की रफ्तार से आंधी चली, बरेली में एक युवक टीनशेड समेत हवा में उड़ गया। राज्य के बांदा शहर में तापमान 45.4 डिग्री रहा। आज 51 जिलों में तेज आंधी-बारिश का अलर्ट है।

**जैसलमेर देश का सबसे गर्म शहर -** राजस्थान में भी तेज गर्मी और हीटवेव का असर है। बुधवार को लगातार चौथे दिन राज्य का जैसलमेर देश का सबसे गर्म शहर रहा, यहां 46.1 डिग्री तापमान रहा। मौसम विभाग के मुताबिक आज आज बीकानेर, जोधपुर, जैसलमेर और बाड़मेर में तेज गर्मी का रेड अलर्ट है। 13 जिलों में हीटवेव की चेतावनी है।



**नन्हे मियां,जिन्हें आंधी 50 फीट तक उड़ाकर ले गई, होश में आते ही बताई आपबीती-** उत्तर प्रदेश में अलग-अलग जिलों में तेज हवाओं, बिजली गिरने और तूफान की वजह से अभी तक 104 लोगों की मौत की खबर है। वहीं, करीब 53 लोग घायल बताए जा रहे हैं।



तबाही के इस मंजर के बीच यूपी के बरेली से एक वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में दिख रहा है कि एक शख्स बारातघर के टीनशेड के पोल को पकड़कर खड़ा था कि तभी हवा का एक बहुत तेज झोंका आया और शख्स को करीब 50 फीट ऊपर उछालकर खेतों में पटक दिया। घटना में शख्स के हाथ-पैर टूट गए और उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# चारधाम यात्रा में 25 दिनों में 40 श्रद्धालुओं की मौत

- केदारनाथ में सबसे ज्यादा 22 की जान गई

**देहरादून (एजेंसी)।** चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार रिकॉर्ड बना रही है। 19 अप्रैल से शुरू हुई यात्रा में 13 मई तक 12 लाख 64 हजार 217 श्रद्धालु चारों धामों के दर्शन कर चुके हैं। लेकिन दूसरी ओर यात्रा के दौरान मौतों का आंकड़ा भी लगातार बढ़ रहा है।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की 14 मई सुबह 10 बजे जारी रिपोर्ट के अनुसार अब तक चारधाम यात्रा में 40 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। सबसे ज्यादा 22 मौतें केदारनाथ धाम में दर्ज की गई हैं। वहीं बद्रीनाथ में 7, यमुनोत्री में 6 और गंगोत्री में 5 श्रद्धालुओं की जान गई है।



### भारत ने शुगर निर्यात पर 30 सितंबर तक रोक लगाई

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने चीनी के निर्यात (एक्सपोर्ट) पर प्रतिबंध लगा दिया है। ये रोक देश में चीनी यानी शुगर की उपलब्धता बनाए रखने और कीमतों को काबू में रखने के लिए लगाई गई है। 13 मई से लगाई गई यह रोक 30 सितंबर 2026 तक या अगले आदेश तक लागू रहेगी। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

## सीएम रेखा गुप्ता का बड़ा ऐलान

- दिल्ली के सरकारी दफ्तरों में सप्ताह में 2 दिन रहेगा वर्क फ्रॉम होम

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हाई लेवल बैठक की। प्रधानमंत्री की अपील को लेकर सीएम रेखा गुप्ता ने सरकार के सभी मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में फैसला किया।



सीएम रेखा गुप्ता ने बैठक में फैसला लिया है कि दिल्ली के सभी सरकारी दफ्तरों में दो दिन वर्क फ्रॉम होम रहेगा। प्राइवेट कंपनियों को भी हफ्ते में दो दिन वर्क फॉर्म होम के लिए कहा जाएगा। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह मानते हुए अपने काफिले में 60 प्रतिशत की कटौती की है।

## दिल्ली-महाराष्ट्र समेत 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर का ऐलान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने देश के 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) के तीसरे चरण की शुरुआत करने की घोषणा कर दी है। इस महाअभियान के तहत बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मतदाताओं के घर-घर जाकर उनसे सीधा संपर्क करेंगे।

चुनाव आयोग के अनुसार, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को छोड़कर पूरा देश इसके दायरे में आ जाएगा। चुनाव आयोग ने बताया कि एसआईआर के तीसरे चरण का शेड्यूल, जनगणना के तहत चल रही हाउस लिस्टिंग के साथ-साथ काम करने वाली कॉमन फील्ड मशीनरी को ध्यान में रखकर तय किया गया है।



चुनाव आयोग के अनुसार, एसआईआर के तीसरे चरण के दौरान 3.94 लाख से ज्यादा बूथ लेवल अधिकारी 36.73 करोड़ वोटरों के घर-घर जाकर संपर्क करेंगे।

**अब इन राज्यों में होगा एसआईआर का काम-** जिन राज्यों में एसआईआर का काम शुरू होने जा रहा है, उसमें ओड़िशा, मिजोरम, सिक्किम, मणिपुर, दमन दीव, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, तेलंगाना, पंजाब, कर्नाटक, मेघालय, महाराष्ट्र, झारखंड, दिल्ली, नागालैंड और त्रिपुरा शामिल है।

**किस राज्य की मतदाता सूची कब होगी जारी-** 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर का काम 01 जुलाई 2026 से शुरू किया जाएगी। दादर नागर और दमन दीव की अंतिम मतदाता सूची 11 सितंबर 2026 को जारी की जाएगी।

## 'हमारे रिश्ते कभी नहीं बिगड़ सकते'

### चिनफिंग ने अमेरिका-चीन संबंधों को बताया दुनिया के लिए सबसे महत्वपूर्ण

**बीजिंग (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने बीजिंग में मुलाकात कर दोनों देशों के बीच तनाव पैदा करने वाले कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। बातचीत में व्यापार, ताइवान, ईरान युद्ध और वैश्विक सुरक्षा जैसे विषय प्रमुख रहे। बीजिंग के ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में शी जिनपिंग ने ट्रंप का भव्य स्वागत किया। यह वही जगह है जहां चीन के बड़े सांस्कृतिक और सरकारी कार्यक्रम आयोजित होते हैं।



दोनों नेताओं ने पहले द्विपक्षीय बैठक की और बाद में ट्रंप ने ऐतिहासिक टेंपल ऑफ हेवन का दौरा भी किया। दोनों नेता एक राजकीय भोज में भी शामिल होने वाले हैं। ट्रंप दो दिवसीय चीन दौरे पर पहुंचे हैं। उनके साथ कई बड़े अमेरिकी कारोबारी भी पहुंचे, जिनमें एनवीडिया के जेन्सन हुआंग और टेस्ला के एलन मस्क शामिल हैं।

# होर्मुज स्ट्रेट में गुजरात का एक और जहाज डूबा

### ओमान तट के पास हादसा, 14 क्रू मेंबर्स को कोस्टगार्ड ने बचाया



**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)।** ईरान जंग के बीच होर्मुज स्ट्रेट में गुजरात का एक और मालवाहक जहाज डूब गया। 'हाजी अली' नाम का जहाज 13 मई की सुबह ओमान के समुद्री क्षेत्र से गुजर रहा था, तभी उससे कोई ड्रोन या मिसाइल जैसा हथियार टकरा गया। हादसे के बाद जहाज में आग लग गई, हालांकि ओमान कोस्टगार्ड ने सभी 14 क्रू मेंबर्स को सुरक्षित बचा लिया।गुजरात के द्वारका निवासी और जहाज मालिक सुलतान अहमद अंसार ने बताया कि एमएसवी हाजी अली जहाज बेरबेरा पोर्ट से शारजाह जा रहा था। सुबह करीब 3:30 बजे ओमान के समुद्री तट के पास जहाज हादसे का शिकार हो गया।

## दिल्ली में बिहार की बस में महिला से गैंगरेप

- टाइम पूछा तो चलती बस में खींचा, 2 घंटे दरिंदगी

**पटना (एजेंसी)।** दिल्ली में फिर निर्भया जैसा कांड हुआ है, जहां एक चलती स्लीपर बस में महिला से दो घंटे दरिंदगी हुई। फिर सड़क पर फेंक कर भाग गए। जिस प्राइवेट बस में वारदात हुई वो बिहार की है। जो दिल्ली से बिहार के रूट पर चलती है।



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, महिला ने बताया कि आरोपी वारदात के बाद उसे सुनसान इलाके में फेंककर भाग गए। किसी तरह पीड़िता ने पुलिस को फोन करके पूरी घटना की जानकारी दी।

जिसके बाद रानीबाग थाना पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला और बस की पहचान की। इसके बाद बस को जब्त करके ड्राइवर और कंडक्टर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# नीट पेपर लीक के बीच दिल्ली में आरजेडी नेता गिरफ्तार

- 30 लाख में देता था एमबीबीएस की गारंटी

**पटना/जयपुर/नईदिल्ली (एजेंसी)।** नीट पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई कर रही है। इस बीच दिल्ली पुलिस ने मेडिकल एडमिशन के नाम पर चल रहे एक बड़े संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में गिरोह के सरगना और एक डॉक्टर समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया मुख्य आरोपी संतोष कुमार जायसवाल राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) का राष्ट्रीय सचिव है, जिसे लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव का करीबी बताया जा रहा है।




**एमबीबीएस सीट के नाम पर होती थी 30 लाख की डील-** दिल्ली पुलिस के मुताबिक, संतोष कुमार जायसवाल मेडिकल की तैयारी करने वाले बच्चों और उनके घरवालों को मेडिकल कॉलेज में 20-30 लाख में एडमिशन कराने का झांसा देता था। गैंग के लोग पिछले साल के स्टडी मटेरियल और कोचिंग सेंटर के पेपर्स को मिलाकर 'फर्जी' प्रश्न पत्र तैयार करते थे और छात्रों को परीक्षा से पहले उसे उपलब्ध कराने का लालच देकर अज्ञात जगहों पर ले जाते थे।

**सूरत पुलिस के इनपुट पर दिल्ली में छापेमारी-** दिल्ली पुलिस को सूरत पुलिस से इनपुट मिला था कि कोई गैंग है जो नीट परीक्षा पास कराकर मेडकिल कॉलेजों में एडमिशन दिलाने का दावा कर रहा है। सूरत पुलिस से मिले इनपुट पर दिल्ली पुलिस ने अपने सूत्रों को एक्टिव किया तो जानकारी मिली कि एक गिरोह महिपालपुर इलाके में सक्रिय है। इसके बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने महिपालपुर एक्सटेंशन के 100 से अधिक होटलों में छापेमारी की। पुलिस ने तकनीकी निगरानी के जरिए आरोपियों को ट्रैक किया और गुजरात के छात्रों को फंसाने वाले विनोद भाई भीखा भाई पटेल समेत अन्य को धर दबोचा।

**छात्रों के ओरिजिनल सर्टिफिकेट और ब्लैंक चेक रखते थे गिरवी-** पुलिस की जांच में सामने आया कि यह गिरोह पैसे तो ऐंठता ही था, साथ ही सिक्योरिटी के तौर पर छात्रों की ऑरिजनल मार्कशीट और छात्रों के परिजनों से से साइन किए हुए ब्लैंक चेक भी ले लेता था। गिरफ्तार मुख्य आरोपी संतोष कुमार जायसवाल बिहार के मोतिहारी (घोड़हसन) का रहने वाला है। दिल्ली में दवा का कारोबार करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### हवाई हमले से बचाव का मॉकड्रिल, आज शाम 7 बजे से 15 मिनट तक रहेगा ब्लैक आउट

हाजीपुर। वैशाली में आज हवाई हमले से बचाव के लिए 'ब्लैक आउट मॉकड्रिल' का आयोजन किया जा रहा है। यह पूर्वाभ्यास असैनिक सुरक्षा निदेशालय, बिहार, पटना के निर्देशानुसार शाम 07:00 बजे से 07:15 बजे तक चलेगा। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ने इसकी जानकारी दी। मॉकड्रिल से ठीक पहले शाम 06:58 बजे दो मिनट के लिए सायरन बजेगा। इसके बाद, शाम 07:00 बजे से 07:15 बजे तक जिले के निर्धारित क्षेत्रों में पूर्ण ब्लैक आउट रहेगा। इस दौरान आम नागरिकों से सभी प्रकार की लाइटें बंद रखने का अनुरोध किया गया है। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि मॉकड्रिल की अवधि में घरों, प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक स्थलों पर बिजली, जनरेटर, इन्वर्टर, मोबाइल फ्लैशलाइट, टॉर्च या किसी भी अन्य प्रकाश उपकरण का उपयोग न किया जाए। सड़कों पर चलने वाले वाहनों को भी रोककर उनकी लाइटें बंद रखने को कहा गया है। महात्मा गांधी सेतु पर भी विशेष व्यवस्था की गई है। संबंधित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे निर्धारित समय पर सेतु पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित करें। इन अधिकारियों को वाहनों को रोककर उनकी लाइटें बंद करवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### वैशाली नहीं पहुंचे चिराग पासवान, बाबा चौहरमल कार्यक्रम में राज्य सरकार के 3 मिनिस्टर पहुंचे

हाजीपुर। वैशाली जिले के महुआ में आयोजित बाबा चौहरमल कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के नहीं पहुंचने पर लोगों ने नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान बिहार सरकार के मंत्रियों को मंच पर ही खरी-खोटी सुनाई गई। यह कार्यक्रम केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के इंतजार में एक महीने के लिए टाल दिया गया था। उनके न आने पर बिहार सरकार के तीन मंत्री लखिंदर पासवान, संजय पासवान और संजय सिंह कार्यक्रम में पहुंचे। हालांकि, दो मंत्री कार्यक्रम समाप्त होने से पहले ही वहां से चले गए, जबकि स्थानीय विधायक और मंत्री संजय सिंह मौजूद रहे।



चिराग पासवान के न पहुंचने से नाराज कार्यकर्ताओं ने मंच पर मौजूद मंत्रियों को खरी-खोटी सुनाना शुरू कर दिया। लोगों का आरोप था कि चिराग पासवान के कारण ही कार्यक्रम एक महीने आगे बढ़ाया गया, जिस पर महुआ के गांधी मैदान में पंडाल लगाने में लाखों रुपये खर्च हुए। कार्यकर्ताओं का कहना था कि अगर उन्हें नहीं आना था, तो कार्यक्रम पहले ही कर लिया जाता। मंत्री संजय सिंह ने लोगों को समझाने का प्रयास किया और बताया कि केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान कैबिनेट की बैठक के कारण कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। हालांकि, नाराज कार्यकर्ता उनकी बात सुनने को तैयार नहीं थे और लगातार सवाल कर रहे थे कि अगर चिराग पासवान को नहीं आना था, तो उन्होंने समय क्यों दिया। काफी देर तक समझाने के बाद भी जब लोग शांत नहीं हुए, तो मंत्री संजय सिंह कार्यक्रम स्थल से निकल गए। इसके बाद भी महुआ के गांधी मैदान में कार्यक्रम कुछ देर तक चला और फिर उसकी समाप्ति की घोषणा कर दी गई।

### सराय थाना के पास जब्त गाड़ी से ऑटो टकराया, 12 से अधिक लोग घायल, ड्राइवर बोला- आंख में गया था कीड़ा

हाजीपुर। वैशाली जिले में हाजीपुर-मुजफ्फरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 22 पर सराय थाना के पास एक सड़क दुर्घटना में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। एक सीएनजी टेम्पो ने पुलिस द्वारा जब्त किए गए एक खड़े ट्रक में टक्कर मार दी, जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और सराय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर ले जाया गया। जानकारी के अनुसार, सभी घायल मुजफ्फरपुर जिले के मनिहारी थाना क्षेत्र से हाजीपुर आ रहे थे। वे मोहम्मदपुर मुबारक गांव निवासी अनिल शाह की बेटी तुलसी कुमारी की शादी में शामिल होने के लिए पातालेश्वर मंदिर जा रहे थे। टक्कर में टेम्पो सवार किसुन साह, सूरज कुमार, सुशील शाह, कैलाश शाह, आदित्य कुमार, देव कुमार, प्रकाश कुमार, लक्ष्य कुमार और आनंद कुमार सहित एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायल प्रकाश कुमार ने बताया कि वे अपनी बहन तुलसी कुमारी की शादी में शामिल होने जा रहे थे। घायल किशन शाह ने बताया कि चालक ने बताया कि आंख में कीड़ा पड़ने के कारण यह हादसा हुआ। सराय थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि सड़क हादसे की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने पुष्टि की कि सभी घायल एक टेम्पो पर सवार होकर मुजफ्फरपुर से हाजीपुर शादी समारोह में जा रहे थे। टेम्पो को जब्त कर आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



### प्राइवेट पार्ट में खून, 3 उंगलियां काटीं, पसलियां तोड़ीं, 2 बच्चियों की रेप के बाद मर्डर की आशंका

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर में 11 मई को लापता बहनों की लाश बुधवार(13 मई) को ईंट भट्ठे के पास मिली थी। मौत कैसे हुई इसको लेकर अभी जांच चल रही है। लेकिन परिवार वालों का दावा है कि बच्चियों के साथ रेप करने के बाद उनकी बेरहमी से हत्या की गई है। मृतकों की उम्र 7 और 12 साल है। वहीं, पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टर्स के मुताबिक हत्या 11 मई को ही की गई है। डॉक्टर्स रेप के बाद हत्या की ओर इशारा कर रहे हैं। दोनों बच्चियां मीनापुर थाना क्षेत्र से लापता हुई थीं और शव रामपुर हरि थाना इलाके से बरामद हुए। पोस्टमॉर्टम में शामिल डॉक्टर्स के मुताबिक, एक बच्ची, जिसकी उम्र 12 साल है। उसके प्राइवेट पार्ट पर खून मिला है। रेप की आशंका पर वेजाइनल स्वाब को सुरक्षित रखा गया है। बच्चियों का पहले गला दबाया गया, उसके बाद चाकू से रेतकर उनकी हत्या की गई। डॉक्टर्स ने यह भी कहा कि, बच्ची के बाएं हाथ की 3 उंगलियां भी कटी मिली हैं। जबड़ा भी निकला था। सीने पर किसी भारी चीज से हमला हुआ है। जिसकी वजह से फेफड़े की चार हड्डियां टूटी गई हैं। चिकित्सकों ने बताया है कि सने कपड़े पुलिस को हैंडओवर कर दिए हैं। बच्चियों के परिवार वालों का कहना है कि, रेप के बाद हत्या की गई है। पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टर्स भी रेप के बाद हत्या की ओर इशारा कर रहे हैं। वहीं पुलिस की थ्योरी अलग है। पुलिस का कहना है कि जहां दोनों बच्चियों की लाश मिली है। उस इलाके के 13 CCTV को खंगाला गया है।

पुलिस का कहना है कि फुटेज में बच्चियां उस रास्ते पर जाते दिख रही हैं जहां आगे एक गड्ढा है। वो दोनों पानी भरे गड्ढे में गिर जाती हैं। पुलिस का कहना है कि गड्ढा करीब 5 फीट गहरा था और सोमवार को उसमें काफी पानी भरा हुआ था। आशंका है कि दोनों बच्चियां उसी में डूब गईं। बड़ी बच्ची के शव पर मिले गहरे जख्म को लेकर पुलिस का कहना है कि पानी में डूबने के बाद लाश पानी के स्तह पर आ गई होगी। इस दौरान किसी जानवर के नोंचने से ऐसे निशान बने होंगे। हालांकि, पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद सही जानकारी सामने आ पाएगी। मृत बच्ची(12) की मां का कहना है, 'मेरी बेटी 5वीं क्लास में पढ़ती थी। हमारा गांव में किसी से कोई विवाद नहीं था। 11 मई को मेरी बेटी अपनी चचेरी छोटी बहन के साथ घर के बाहर खेल रही थी। उस दिन गांव में शादी भी थी। दोनों वो शादी वाले घर के आस-पास आना-जाना भी लगा था। इसी दौरान उसे कोई उठा ले गया और मारकर ईंट भट्ठे के पास फेंक दिया। मेरी बेटी को बेरहमी से पीट-पीटकर मारा गया है। बच्ची के दांत तक तोड़े गए हैं। उसके शरीर पर चोट के निशान हैं। लापता होने के बाद पुलिस को सूचना दी थी। हमें जान के बदला जान चाहिए। जिसने भी ये किया है उसे फांसी की सजा होनी चाहिए।' वहीं दूसरी बच्ची(7) के पिता ने बताया कि, 'जब बच्ची लापता हुई तो हमलोगों ने दोनों की काफी खोजबीन की थी। जहां लाशें मिली वहां भी देखा था, पर दोनों नहीं मिली थीं। बाद में दोनों की लाशें वहीं मिलीं। किसी ने हत्या के बाद फेंक दिया है। हमारी किसी से दुश्मनी नहीं है कि किसी पर आरोप लगा सकें।'

# बिना पीएनजी कनेक्शन के नहीं बनेगा अपार्टमेंट

**बिहार सरकार लाएगी नया नियम, अशोक चौधरी का तेजस्वी पर तंज, बोले-खुद डिप्टी सीएम रहे, लोन व्यवस्था नहीं समझते**

एजेंसी, पटना

जदयू कार्यालय में आज जनसुनवाई के लिए मंत्री अशोक चौधरी और श्वेता गुप्ता पहुंचे। जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद मंत्री अशोक चौधरी ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के किए गए "सहयोग कार्यक्रम" को लेकर मीडिया के सवालों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि, 'इसका उद्देश्य पूरे बिहार में आम लोगों की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करना है। मुख्यमंत्री लगातार जनता से जुड़ने का प्रयास कर रहे हैं।' उन्होंने बताया कि, 'सिर्फ सरकारी कार्यक्रमों के माध्यम से ही नहीं, बल्कि पार्टी कार्यालयों में आने वाले लोगों की समस्याओं का भी समाधान किया जा रहा है। सरकार जनता की परेशानियों को गंभीरता से ले रही है और अधिकारियों को भी इस दिशा में सक्रिय किया गया है।'



**नीट पेपर लीक मामले पर बोले - दोषियों पर होगी कार्रवाईः** नीट परीक्षा में पेपर आउट मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री ने कहा कि कुछ लोग लगातार इस तरह की गतिविधियों में लगे रहते हैं, लेकिन केंद्र सरकार लगातार ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए मजबूत सिस्टम बनाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने माना कि कुछ गलतियां हुई हैं, जिसकी जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि, जो भी लोग इस मामले में शामिल पाए जाएंगे, उन्हें चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। सरकार पूरे मामले की विवेचना कर रही है और जांच एजेंसियां सक्रिय हैं।

**शिक्षा मंत्री के फर्जी वाले पर बोलेः उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं:** जब उनसे शिक्षा मंत्री से जुड़े कथित 50 लाख रुपए के फर्जीवाड़े और निगरानी जांच के सवाल पर प्रतिक्रिया मांगी गई, तो उन्होंने कहा कि फिलहाल उन्हें मामले की पूरी जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि पहले वह पूरे मामले की जानकारी प्राप्त करेंगे, उसके बाद ही इस पर कोई टिप्पणी करेंगे।

राज्य में डीजल, पेट्रोल और गैस की संभावित कमी की चर्चाओं को खारिज करते हुए अशोक चौधरी ने साफ कहा कि बिहार में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है और न ही पैनिक जैसी स्थिति है। उन्होंने कहा कि, मुख्यमंत्री ने इस विषय पर बैठक भी की थी और सरकार लगातार ऊर्जा आपूर्ति को मजबूत बनाने में लगी है। सरकार की कोशिश है कि आने वाले समय में अधिक से अधिक क्षेत्रों तक पीएनजी लाइन पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि, एक नया नियम बनाने की तैयारी चल रही है, जिसके तहत नए अपार्टमेंट निर्माण से पहले वहां पीएनजी लाइन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इसके बाद ही अपार्टमेंट निर्माण की अनुमति दी जाएगी।

# बच्चे देखेंगे साइंस का जादू, श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र में 24 मई से समर हॉबी कैंप

## ब्रह्मांड में छिपे राज को समझने का मौका

एजेंसी, पटना

पटना के श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र में बच्चे साइंस का जादू देखेंगे। यहां 24 मई से समर वेकेशन हॉबी कैंप की शुरुआत हो रही है। क्लास 4 से लेकर 12वीं तक के बच्चों के लिए अलग-अलग वर्कशॉप कराए जाएंगे। इस हॉबी कैंप में ब्रह्मांड में छिपे राज से लेकर मानव जीवन की यात्रा के बारे में बताया जाएगा। कैंप का आयोजन दो सेशन में होगा। पहला मॉर्निंग सेशन होगा, जो सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:30 तक चलेगी। दूसरा इवनिंग सेशन होगा, जो दोपहर 2:00 बजे से शाम 4:30 बजे तक चलेगी।



**स्पेशली स्कूली बच्चों के लिए तैयार किया गया कैंपः** यह कैंप स्कूली बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है, जिसमें विज्ञान और तकनीक से जुड़े विषयों पर प्रयोग आधारित प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस कैंप के दौरान कॉस्मिक वंडर्स, बायो क्वेस्ट, बिल्ड एंड लर्न, ग्रो विदाउट सॉयल, कोड एंड क्रिएट, फिजिक्स इन योर हैंड्स, केमिस्ट्री इन कलर्स और नंबर्स एंड बियॉन्ड जैसी वर्कशॉप आयोजित की जाएंगी। हर वर्कशॉप के लिए अलग-अलग तिथि, आयु सीमा और शुल्क निर्धारित किया गया है।

**ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं छात्रः** इस कैंप में बच्चों को खगोल विज्ञान, जीवन विज्ञान, इलेक्ट्रॉनिक्स, गणित, रोबोटिक्स, रसायन विज्ञान और कंप्यूटर प्रोग्रामिंग जैसे विषयों की जानकारी सरल और रोचक तरीके से दी जाएगी। विज्ञान केंद्र के परियोजना निदेशक श्रीनू अप्पिकोंडा ने बताया कि, 'कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना और उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना है। इच्छुक छात्र https://tinyurl.com/ssc-SummerCamp ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।'

# पटना में अंतरराज्यीय गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

एजेंसी, पटना

पटना के फतुहा अनुमंडल अंतर्गत नदी थाना पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर और तस्कर गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए जेठुली घाट के पास से चोरी के दो पिकअप वाहन बरामद किए हैं। इस दौरान पुलिस ने एक शातिर अपराधी को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दीदारगंज थाना क्षेत्र के गुलमहियाबाग निवासी 36 वर्षीय चंदन कुमार के रूप में हुई है।

**गुप्त सूचना पर हुई छापेमारीः** फतुहा एसडीपीओ-1 अवधेश कुमार ने नदी थाना परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 13 मई 2026 को दोपहर करीब 2:10 बजे दिवा गश्ती के दौरान पुलिस अवर निरीक्षक जयकिशोर चौधरी को सूचना मिली थी कि जेठुली घाट के समीप चोरी के तीन पिकअप वाहन खड़े हैं और उन पर अवैध मादक पदार्थ लोड कर तस्करी की तैयारी की जा रही है।



सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर छापेमारी की गई।

**दो चोरी के वाहन बरामदः** पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर चंदन कुमार को दो चोरी के पिकअप वाहनों के साथ गिरफ्तार कर लिया। जांच में पुष्टि हुई कि दोनों वाहनों के खिलाफ पहले से चोरी की प्राथमिकी दर्ज है। बरामद वाहनों के नंबर BR06GC9070 और BR01GJ7809 बताए गए हैं।

एसडीपीओ अवधेश कुमार ने बताया कि, 'गिरोह में शामिल अन्य अज्ञात अपराधियों की पहचान की जा रही है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई तेज कर दी है।'

# शिक्षक को गोली मारने का सीसीटीवी आया सामने अगमकुआं में मोबाइल लूटकर फरार हुए बदमाश

**24 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली**

एजेंसी, पटना

पटना के अगमकुआं थाना क्षेत्र में शिक्षक को गोली मारने की घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। फुटेज में बाइक सवार दो अपराधी शिक्षक को गोली मारने के बाद मौके से फरार होते दिखाई दे रहे हैं। घटना बुधवार सुबह नेशनल हाईवे स्थित नरल पेट्रोल पंप के पास मिश्रा वैली स्कूल के समीप हुई थी। सीसीटीवी फुटेज में सुबह 4:19 बजे दो अपराधी एक मोटरसाइकिल पर आते दिख रहे हैं। बदमाशों ने शिक्षक को निशाना बनाने के बाद आसानी से मौके से फरार हो गए। पूरी वारदात पेट्रोल पंप के पास लगे कैमरे में रिकॉर्ड हुई है। हालांकि, घटना के 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ कोई ठोस सुराग नहीं लगा है। पुलिस का दावा है कि अपराधियों की पहचान कर ली गई है और जल्द गिरफ्तारी होगी।



**स्कूल जाने के दौरान घेराः** घायल शिक्षक की पहचान 48 वर्षीय शंभू कुमार के रूप में हुई है, जो नालंदा के चंडी स्थित सरकारी विद्यालय में कार्यरत हैं। उन्हें इलाज के लिए पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, शंभू कुमार बुधवार सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकले थे और नेशनल हाईवे पर वाहन का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधियों ने उनसे बैग और मोबाइल लूटने का प्रयास किया।

**विरोध करने पर मारी गोलीः** जब शिक्षक ने विरोध किया तो अपराधियों ने उन पर गोली चला दी। गोली उनके गले के नीचे लगी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। इसके बाद अपराधी उनका बैग और मोबाइल लेकर फरार हो गए। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल शिक्षक को इलाज के लिए निजी नर्सिंग होम पहुंचाया।

**खतरे से बाहर हैं शिक्षकः** अगमकुआं थाना प्रभारी राजेश कुमार झा ने बताया कि, 'डॉक्टरों के अनुसार शंभू कुमार की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान करने में जुटी है।'

**पत्नी बोलीं- किसी से कोई विवाद नहीं थाः** घायल शिक्षक की पत्नी अंजनी कुमारी ने बताया कि उनके पति का किसी से कोई विवाद नहीं था। वे रोज की तरह बुधवार सुबह नाश्ता कर स्कूल के लिए निकले थे। बाद में पुलिस से उन्हें घटना की सूचना मिली, जिसके बाद वे अस्पताल पहुंचीं। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि सुबह के समय भी नेशनल हाईवे पर अपराधी बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दे रहे हैं।

# कोरोना नियम उल्लंघन मामले में तेजस्वी को जमानत

**पटना एमपी-एमएलए कोर्ट में किया आत्मसमर्पण, बोले- मजदूरों की आवाज उठाने पर हुआ था फर्जी केस**

एजेंसी, पटना

कोरोना काल में कोरोना के नियमों का उल्लंघन करने के मामले में राजद नेता तेजस्वी यादव के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। आज पटना के एमपी/एमएलए के विशेष न्यायाधीश प्रवीण कुमार मालवीय की अदालत में तेजस्वी ने आत्मसमर्पण कर जमानत की मांग की। अदालत ने तेजस्वी यादव को जमानत दे दिया है। सुनवाई के बाह तेजस्वी यादव बाहर आए और मीडिया के सवालों का जवाब दिया। तेजस्वी यादव ने कहा कि, 'कोविड के समय का पुराना धरना प्रदर्शन का मामला था, जो सरकार धरना प्रदर्शन को लेकर फर्जी केस करती है, वही सब था। जिस समय लोग मजदूर परेशान थे। जिंदगी जा रही थी। इसी जन समस्या को लेकर हम लोगों की ओर से आवाज उठाई गई थी। जिसे लेकर सरकार की ओर से फर्जी मुकदमा किया गया था। इसी सिलसिले में पटना सिविल कोर्ट से जमानत मिली है।

दूसरी तरफ तेजस्वी यादव ने मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा है कि विजन नहीं है। कल को कहेंगे कपड़ा मत पहनिए...समस्याओं के समाधान की जिम्मेदारी प्रधानमंत्री और सरकार की होती है। पहले भी इन्होंने नोटबंदी के समय अपील की थी। लेकिन इसका क्या फायदा हुआ। हम तो जानना चाहते हैं। कई लोगों का नुकसान हुआ। कई लोग बेरोजगार हो गए। स्मॉल और मीडियम इंडस्ट्री बंद हो गई। प्रधानमंत्री इसी तरीके की बात करते रहेंगे, मुद्दे की बात नहीं करेंगे। कोई रोड मैप विजन नहीं है। कोरोना काल में कोविड नियमों के उल्लंघन के मामले में दर्ज केस में तेजस्वी यादव ने गुरुवार को पटना सिविल कोर्ट में आत्मसमर्पण किया। इसके बाद पटना के एमपी/एमएलए के विशेष न्यायाधीश प्रवीण कुमार मालवीय की अदालत में जमानत की अर्जी दाखिल की गई, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया।



**'जन समस्याओं की आवाज उठाने पर हुआ केस':** सुनवाई के बाद कोर्ट परिसर से बाहर निकलते हुए तेजस्वी यादव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह कोविड काल के दौरान धरना-प्रदर्शन से जुड़ा पुराना मामला था। उन्होंने कहा, "सरकार धरना-प्रदर्शन को लेकर फर्जी केस करती है। उस समय मजदूर परेशान थे, लोगों की जिंदगी जा रही थी। उन्हीं जन समस्याओं को लेकर हम लोगों ने आवाज उठाई थी। इसी वजह से सरकार की ओर से फर्जी मुकदमा किया गया था। अब उसी मामले में पटना सिविल कोर्ट से जमानत मिली है।"

इस दौरान तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के पास समस्याओं के समाधान का कोई विजन नहीं है। तेजस्वी ने कहा, "कल को कहेंगे कपड़ा मत पहनिए। समस्याओं के समाधान की जिम्मेदारी प्रधानमंत्री और सरकार की होती है। नोटबंदी के समय भी अपील की गई थी, लेकिन उसका क्या फायदा हुआ?" उन्होंने आरोप लगाया कि नोटबंदी के कारण कई लोगों का नुकसान हुआ, बेरोजगारी बढ़ी और छोटे-मझोले उद्योग बंद हो गए। तेजस्वी यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मुद्दों की बात नहीं करते और देश के सामने मौजूद समस्याओं पर कोई स्पष्ट रोडमैप नहीं है।

# पटना यूनिवर्सिटी में छात्रों को मिलेगी एक साथ दो डिग्री

एजेंसी, पटना

अब पटना यूनिवर्सिटी के छात्र एक ही समय में दो अलग-अलग डिग्री हासिल कर सकेंगे। पटना यूनिवर्सिटी में आज सिंडिकेट की बैठक है। इस बैठक में 'डुअल डिग्री कोर्स' पर चर्चा होगी। मंगलवार को एकेडेमिक काउंसिल की बैठक में जिन प्रस्तावों को पास किया गया था, उसे आज सिंडिकेट की बैठक में मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद 23 मई को सीनेट की बैठक में इसपर फाइनल मुहर लगेगी। सीनेट से मंजूरी मिलने के बाद इसे राजभवन भेजा जाएगा, जहां फाइनल अनुमति मिलने के बाद इसे लागू किया जाएगा।



**ऑफलाइन-ऑनलाइन कर सकेंगे ड्युअल डिग्री कोर्सः** PU के एकेडमिक काउंसिल हॉल में हुई बैठक में निर्णय लिया गया था कि यूजीसी की गाइडलाइन के अनुसार छात्र अब दो डिग्री प्रोग्राम में एक साथ नामांकन ले सकेंगे। इसके तहत स्नातक के छात्र तीन या चार साल के डिग्री कोर्स के साथ रोजगारपरक कोर्स कर सकते है। उसी तरह पीजी के दो वर्षीय पाठ्यक्रम के साथ छात्र भी वोकेशनल कोर्स कर सकेंगे। इसमें शर्त यह होगी कि एक कोर्स 'ऑफलाइन' में होगा, जबकि दूसरा कोर्स 'ऑनलाइन' में करना होगा। हालांकि, विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि पीएचडी करने वाले छात्र इस ड्युअल डिग्री योजना का लाभ नहीं ले पाएंगे। इसके साथ ही पीयू में सैनिक कल्याण बोर्ड के द्वारा भूतपूर्व सैनिकों के लिए बैचलर ऑफ आर्ट्स इन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट कोर्स को भी मंजूरी दी गयी थी।

# पटना के कंकड़बाग में कबाड़ी दुकान में लगी आग

एजेंसी, पटना

पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र स्थित कॉलोनी मोड़ के पास कबाड़ी गली में बुधवार देर रात एक कबाड़ी दुकान में भीषण आग लग गई। आग लगते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। बताया जा रहा है कि आग इतनी भयावह थी कि दुकान में रखी गाड़ियों की टंकियां एक-एक कर ब्लास्ट करने लगीं। धमाकों की आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों और दुकानों से बाहर निकल आए। घटना के दौरान दुकान के पड़ोस में मौजूद बैंक्वेट हॉल के लोगों ने सूझबूझ दिखाते हुए आग बुझाने की कोशिश शुरू की। वहीं आसपास मौजूद दुकानदार अपनी जान बचाकर बाहर भागे।



**छह दमकल गाड़ियों ने पाया काबूः** स्थानीय लोगों की सूचना पर अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। कंकड़बाग अग्निशमन अनुमंडल पदाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि, आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। मौके पर छह बड़ी दमकल गाड़ियां भेजी गई थी। करीब डेढ़ घंटे बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। समय रहते आग पर नियंत्रण पा लेने से आसपास की दुकानों और भवनों को बड़े नुकसान से बचा लिया गया। हालांकि, कबाड़ी दुकान में रखा सामान जलने से लाखों रुपये के नुकसान की बात कही जा रही है।

# राजद के राष्ट्रीय सचिव, डॉक्टर समेत 4 गिरफ्तार

**नीट फर्जीवाड़ा**

**संतोष जायसवाल 20 लाख में मेडिकल कॉलेज में एडमिशन कराने की देता था गारंटी**

एजेंसी, पटना

NEET पेपर लीक के बाद एग्जाम कैंसिल कर दिया है। जांच सीबीआई को दी गई है। इधर, मेडिकल कॉलेज में एडमिशन कराने के नाम पर दिल्ली पुलिस ने एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गिरोह NEET अभ्यर्थियों और उनके परिवारों को MBBS में एडमिशन दिलाने के नाम पर ठगी करता था। इस मामले में सरगना और एक डॉक्टर समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

दिल्ली पुलिस की तरफ से गिरफ्तार चार आरोपियों में से एक राजद के राष्ट्रीय सचिव संतोष कुमार जायसवाल भी हैं। पुलिस की तरफ से दावा किया जा रहा है कि जायसवाल पूरे नेक्सस का किंगपिन है। ये बच्चों और उनके गार्जियन को मेडिकल कॉलेज में 20-30 लाख में एडमिशन कराने का झांसा देता था। संतोश कुमार जायसवाल को लालू यादव और तेजस्वी यादव का करीबी बताया जाता है।



**कौन है संतोष जायसवालः** फर्जीवाड़े में पकड़े गए संतोष जायसवाल मोतिहारी के घोड़हसन का रहने वाला हैं। ये दिल्ली में दवा का कारोबार करता है। संतोष जायसवाल रक्सौल विधानसभा से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा था। संतोष कुमार जायसवाल के चार भाई हैं। दूसरा भाई बैंक में काम करता है। संतोष कुमार की पत्नी और बच्चे दिल्ली में रहते हैं।

**फर्जीवाड़े का कैसे हुआ खुलासाः** दिल्ली पुलिस के मुताबिक बीते 3 मई को NEET UG 2026 परीक्षा से पहले कुछ नाबालिग समेत 18 विद्यार्थियों को इन ठगों के चंगुल से बचाया गया था। आरोपी उन्हें 'क्वेश्चन पेपर' उपलब्ध कराने के बहाने अज्ञात स्थानों पर ले जा गए थे। आरोप है कि 'फर्जी' प्रश्न पत्र पिछले साल के स्टडी मटेरियल और कोचिंग संस्थानों की सामग्री का उपयोग करके बनाए गए थे। आरोपियों ने छात्रों के परिवारों से 20 से 30 लाख रुपए की मांग की और मेडिकल कॉलेजों में सीट दिलाने की गारंटी देते हुए एडवांस पैसे भी लिए।

**सूरत के इनपुट पर दिल्ली में एक्शनः** दिल्ली पुलिस को सूरत पुलिस से ये इनपुट मिला था कि दो मई को सूचना मिली कि दिल्ली में एक संदिग्ध गिरोह नीट के माध्यम से मेडकिल कॉलेजों में प्रवेश दिलाने का दावा कर रहा है। इसके बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम एक्टिव हुई। तकनीकी निगरानी के आधार पर जांचकर्ता महिपालपुर एक्सटेंशन इलाके के 100 से ज्यादा होटलों में छापेमारी की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### राजकीय डिग्री कॉलेज तुरकौलिया के नवनियुक्त प्राचार्य का भव्य स्वागत



**बीएनएम @ मोतिहारी।** राजकीय डिग्री कॉलेज तुरकौलिया के नवनियुक्त प्राचार्य दुर्गेश मणि तिवारी का राम उग्रह सिंह कुशवाहा उच्चतम माध्यमिक विद्यालय जयसिंहपुर परिवार द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षकगण, विद्यालय कर्मी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य दुर्गेश मणि तिवारी को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित शिक्षकों ने उनके शैक्षणिक अनुभव, प्रशासनिक क्षमता तथा शिक्षा के क्षेत्र में योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में राजकीय डिग्री कॉलेज तुरकौलिया नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा समाज के विकास की सबसे मजबूत आधारशिला है और एक योग्य एवं अनुभवी प्राचार्य के नेतृत्व में शैक्षणिक संस्थानों का वातावरण और अधिक सुदृढ़ होता है। उन्होंने विश्वास जताया कि दुर्गेश मणि तिवारी विद्यार्थियों के शैक्षणिक, बौद्धिक एवं नैतिक विकास के लिए प्रभावी पहल करेंगे। अपने संबोधन में प्राचार्य दुर्गेश मणि तिवारी ने विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन वे पूरी ईमानदारी, निष्ठा एवं समर्पण के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी तथा शिक्षा के साथ अनुशासन और संस्कार पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

### जनगणना-2027 के प्रथम चरण के कार्यों का राज्य नोडल अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण



**बीएनएम @ मोतिहारी।** भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण अंतर्गत चल रहे मकान गणना एवं मकान सूचीकरण कार्य की प्रगति का गुरुवार को राज्य नोडल अधिकारी (जनगणना) आदित्य कुमार ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण नगर निगम क्षेत्र के पर्यवेक्षकीय सर्किल-32 के एचएलबी-189 एवं 190 में किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रगणक एकता वर्मा एवं नूर फातिमा के साथ पर्यवेक्षिका अमृता रंजन उपस्थित रहीं। राज्य नोडल अधिकारी ने संबंधित कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि चार्ज क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी मकानों की गणना एवं सूचीकरण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी मकान किसी परिस्थिति में छूटने न पाए। उन्होंने कहा कि फील्ड में कार्य के दौरान उत्पन्न होने वाली समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कंट्रोल रूम से नियमित संपर्क बनाए रखें, ताकि कार्य प्रभावित न हो। जिले में जनगणना कार्य के लिए कुल 37 चार्ज बनाए गए हैं, जिनमें 27 ग्रामीण तथा 10 शहरी क्षेत्र शामिल हैं। इन चार्जों के अंतर्गत 9591 गणना ब्लॉक, 9483 प्रगणक एवं 1627 पर्यवेक्षक कार्य कर रहे हैं। राज्य नोडल अधिकारी ने कहा कि जनगणना के आंकड़े भविष्य की विकास योजनाओं और जनहितकारी कार्यक्रमों की आधारशिला होते हैं। इसलिए सभी प्रगणक निष्पक्षता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करें। ज्ञात हो कि भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण से संबंधित मकान गणना एवं सूचीकरण कार्य 02 मई से 31 मई 2026 तक संचालित किया जा रहा है। उन्होंने आम नागरिकों से भी जनगणना कार्य में सक्रिय सहयोग की अपील की। मौके पर जिला प्रबंधन कोषांग के गोपाल जी मिश्र, प्रिय रंजन कुमार, अमरेश कुमार एवं कमलेश कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

# समग्र शिक्षा अभियान की समीक्षा में डीएम ने शिक्षा व्यवस्था सुधारने पर दिया जोर

बीएनएम @ मोतिहारी





**मोतिहारी।** समाहरणालय स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभागार में गुरुवार को जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में समग्र शिक्षा अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रहलाद गुप्ता, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी तथा असैनिक कार्यों से जुड़े अभियंता उपस्थित रहे। बैठक में जिले में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, स्मार्ट क्लास, खेल सुविधाओं, पुस्तक वितरण, अपार आईडी एवं विद्यालय निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि जिले के 386 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास संचालित हो रहे हैं तथा 218 विद्यालयों में आईसीटी लैब स्थापित की गई है। इसके अलावा विद्यार्थियों के लिए 3543 म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट उपलब्ध कराए गए हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि स्मार्ट क्लास का नियमित संचालन सुनिश्चित किया जाए और विद्यालयों में उपलब्ध खेल एवं संगीत संसाधनों का बेहतर उपयोग हो। उन्होंने सभी खेल एवं संगीत शिक्षकों के साथ बैठक आयोजित कर विद्यालयों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने का निर्देश दिया। साथ ही बास्केटबॉल कोर्ट के नियमित उपयोग पर भी जोर दिया। उन्होंने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को विद्यालयों का लगातार निरीक्षण करने तथा प्रत्येक माह कम से कम 15 विद्यालयों की जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि निरीक्षण के दौरान अधिकारी बच्चों से संवाद करें तथा कक्षाओं में जाकर शिक्षण कार्य में भी भाग लें, जिससे विद्यार्थियों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले के सभी 30 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। वहीं सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत पाठ्यपुस्तकों का वितरण पूरा कर लिया गया है। ज्ञानदीप पोर्टल के माध्यम से निजी विद्यालयों में नामांकन की जानकारी देते हुए बताया गया कि 1519 बच्चों का चयन किया गया था, जिनमें से 1229 बच्चों का नामांकन निजी विद्यालयों में कराया जा चुका है। बैठक में अपार आईडी निर्माण कार्य की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि जिले में कुल 5.89 लाख छात्र-छात्राएं नामांकित हैं, जिनमें 2.28 लाख बच्चों का आधार पंजीकरण हो चुका है। अब तक 43,611 बच्चों का अपार आईडी तैयार किया गया है और यह प्रक्रिया लगातार जारी है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं मॉडल स्कूलों में लाइब्रेरी स्थापना की समीक्षा में बताया गया कि जिले के सभी 30 कस्तूरबा विद्यालयों में पुस्तकालय स्थापित किए जा चुके हैं, जबकि मॉडल स्कूलों में भी यह कार्य जारी है। जिलाधिकारी ने सभी मॉडल स्कूलों का निरीक्षण कर अद्यतन रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। बैठक में अतिरिक्त वर्ग कक्ष, +2 मॉडल भवन, लाइब्रेरी एवं अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन भवनों में डिग्री कॉलेज एवं मॉडल स्कूल संचालित होने हैं, वहां आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए।

## मधुबन के पीएम श्री विद्यालय में सखी वार्ता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी।** मधुबन स्थित पीएम श्री 10+2 विद्यालय में गुरुवार को महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार सरकार के अंतर्गत मिशन शक्ति योजना के तहत संचालित जिला हब फॉर एमपावरमेंट ऑफ वीमेन के सौजन्य से "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" कार्यक्रम के अंतर्गत सखी वार्ता सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को महिला हेल्पलाइन-181, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, राष्ट्रीय साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930, लैंगिक भेदभाव, बाल विवाह, दहेज प्रथा, पॉक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा तथा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही जिला हब फॉर एमपावरमेंट ऑफ वीमेन कार्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 पर विशेष चर्चा की गई। उपस्थित लोगों को बताया गया कि लड़कियों की विवाह योग्य आयु 18 वर्ष तथा लड़कों की 21 वर्ष निर्धारित की गई है। इससे कम उम्र में विवाह कराना बाल विवाह की श्रेणी में आता है, जो कानूनन अपराध है। विशेषज्ञों ने बताया कि बाल विवाह बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के अधिकार से वंचित कर देता है तथा कम उम्र में विवाह होने से लड़कियों को हिंसा, शोषण और मानसिक उत्पीड़न का अधिक खतरा रहता है। उन्होंने कहा कि कम उम्र में विवाह का शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और भावनात्मक प्रभाव लड़के और लड़कियों दोनों पर पड़ता है। कार्यक्रम में यह भी जानकारी दी गई कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह कराने, उसमें सहयोग देने या आयोजन में शामिल होने वाले सभी लोगों पर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। दोषी पाए जाने पर दो वर्ष तक कारावास, एक लाख रुपये तक जुर्माना अथवा दोनों दंड दिए जा सकते हैं। इसके अलावा "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" अभियान के उद्देश्यों और बेटियों की शिक्षा एवं सुरक्षा के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं तथा जिला हब फॉर एमपावरमेंट ऑफ वीमेन कार्यालय से जिला मिशन समन्वयक, लैंगिक विशेषज्ञ एवं वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ मौजूद रहे।

## ढाका में बड़ी पुलिस कार्रवाई: अवैध हथियारों का जखीरा बरामद, दो महिलाएं गिरफ्तार

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी।** ढाका थाना क्षेत्र के बरेवा गांव में पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अंतरराज्यीय अवैध हथियार सप्लायर के ठिकाने पर छापेमारी कर भारी मात्रा में हथियार और कारतूस बरामद किए हैं। इस कार्रवाई के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। बताया गया है कि स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने सिकरहना डीएसपी उदय कुमार के नेतृत्व में छापेमारी की। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बरेवा गांव निवासी खुर्शीद आलम अपने घर में अवैध आधुनिक हथियार छिपाकर रखता है तथा अंतरराज्यीय स्तर पर हथियारों की सप्लाई करता है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने जब उसके घर पर दबिश दी तो वहां से दो आधुनिक पिस्टल, दो मैगजीन, चार जिंदा कारतूस, एक देसी बंदूक तथा 12 बोर का एक कारतूस बरामद किया गया। इसके अलावा करीब तीन हजार नेपाली रुपये भी जब्त किए गए। छापेमारी के दौरान पुलिस ने दो महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई है कि खुर्शीद आलम लंबे समय से अवैध हथियारों की तस्करी में सक्रिय था और उसका नेटवर्क अंतरराज्यीय स्तर तक फैला हुआ है। इस कार्रवाई में ढाका थानाध्यक्ष रामरूप राय, इंस्पेक्टर धनंजय निर्दोष तथा पटना एसटीएफ के मधुरेन्द्र कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल शामिल था। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## एग्री स्टैक परियोजना की समीक्षा बैठक आयोजित, तीन प्रखंडों के कृषि पदाधिकारियों का वेतन अवरुद्ध

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी।** मोतिहारी समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में गुरुवार को एग्री स्टैक परियोजना अंतर्गत फार्मर आईडी निर्माण कार्य की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी ने की, जिसमें जिले के सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि योजना के तहत किसानों का फार्मर आईडी बनाना हर हाल में सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी प्रतिदिन क्षेत्र भ्रमण करें तथा अपने अधीनस्थ कर्मियों के माध्यम से डोर-टू-डोर किसानों को योजना की महत्ता की जानकारी दें, ताकि अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण किया जा सके। समीक्षा के क्रम में फेनहारा, पीपराकोठी एवं बनकटवा प्रखंडों में अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित प्रखंड कृषि पदाधिकारियों का वेतन अगले आदेश तक अवरुद्ध करने का निर्देश दिया। बैठक में बताया गया कि एग्री स्टैक परियोजना के अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री का विशेष अभियान 12 मई 2026 से 30 जून 2026 तक चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत कैंप मोड में किसानों का फार्मर आईडी तैयार किया जाएगा। किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रचार-प्रसार वाहन रथों को भी जिलाधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ये वाहन विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों में भ्रमण कर किसानों को फार्मर आईडी से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराएंगे। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में "सुरक्षित बचपन : सुरक्षित भविष्य" विषय पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बीएनएम @ मोतिहारी






**मोतिहारी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा "नालसा जागृति योजना 2025" के अंतर्गत "सुरक्षित बचपन : सुरक्षित भविष्य" विषय पर स्थानीय डीएवी पब्लिक स्कूल में एक वृहद विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा, लैंगिक समानता तथा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव नितिन त्रिपाठी थे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य कौशिक विश्वास, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अपने संबोधन में सचिव नितिन त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं को कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी कानून "पॉश एक्ट" के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सम्मानजनक एवं सुरक्षित वातावरण में जीवन जीने का अधिकार है। किसी भी प्रकार की अभद्र टिप्पणी, मानसिक उत्पीड़न, सोशल मीडिया के माध्यम से परेशान करना अथवा अनुचित व्यवहार कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति उन्हें असहज महसूस कराए तो वे चुप न रहें, बल्कि इसकी जानकारी अपने अभिभावकों, शिक्षकों अथवा संबंधित अधिकारियों को दें। सचिव ने "नालसा जागृति योजना 2025" के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह योजना समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों तक निःशुल्क विधिक सहायता और कानूनी जागरूकता पहुंचाने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। इसके तहत महिलाओं, बच्चों एवं विद्यार्थियों को उनके अधिकारों, साइबर सुरक्षा, लैंगिक समानता और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया जाता है। उन्होंने डिजिटल युग में इंटरनेट और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राएं अपनी निजी जानकारी किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें तथा साइबर बुलिंग या ऑनलाइन उत्पीड़न की स्थिति में तुरंत शिकायत दर्ज कराएं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य कौशिक विश्वास ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मोतिहारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं सुरक्षित समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का समापन छात्र-छात्राओं को जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के संदेश के साथ किया गया।

## हरपुर पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण, हैंडओवर प्रक्रिया पूरी




बीएनएम @ आदापुर

**आदापुर।** प्रखंड के हरपुर ग्राम पंचायत में नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण बुधवार को जिला पंचायत राज पदाधिकारी राम जनम पासवान द्वारा किया गया। यह भवन स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन डिवीजन-2, पकड़ीदयाल द्वारा निर्मित कराया गया है। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता, डीएससी इंफ्रा बिहार विकास मिशन तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने भवन निर्माण कार्य और उसकी फिनिशिंग की गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने निर्माण कार्य को संतोषजनक और गुणवत्तापूर्ण बताया। इस दौरान पंचायत सरकार भवन की हैंडओवर प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई। जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने संबंधित प्रखंड पंचायत पदाधिकारी को भवन की चाबी प्राप्त कर इसे शत-प्रतिशत संचालन में लाने का निर्देश दिया। नए पंचायत सरकार भवन के चालू होने से पंचायत स्तर पर प्रशासनिक कार्यों के संचालन में सुविधा मिलेगी तथा ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी सेवाएं एक ही परिसर में उपलब्ध हो सकेंगी।

# मिशन मोड में बनेगी किसानों की फार्मर आईडी

» 12 मई से 30 जून तक चलेगा विशेष अभियान

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी** में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की एग्री स्टैक परियोजना के अंतर्गत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री को मिशन मोड में संचालित किया जा रहा है। इसी को लेकर जिलाधिकारी के निर्देश पर उप विकास आयुक्त डॉ प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीडीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले के अधिक से अधिक किसानों का फार्मर आईडी निर्माण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित कर यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र किसान फार्मर रजिस्ट्रेशन से वंचित न रहे।

**फार्मर आईडी बनेगी किसानों की डिजिटल पहचान-** उप विकास आयुक्त ने कहा कि फार्मर आईडी किसानों की डिजिटल पहचान होगी और इसी के आधार पर सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ किसानों को दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले अथवा कम उपलब्धि हासिल करने वाले कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने अधीनस्थ कनीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ तत्काल बैठक कर अभियान में तेजी लाएं।

**जिले में 4.80 लाख पीएम किसान लाभार्थी-** बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि पूर्वी चंपारण जिले में करीब 4 लाख 80 हजार किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी हैं। इनमें अब तक 1 लाख 62 हजार किसानों का फार्मर रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि कृषि एवं राजस्व विभाग के संयुक्त प्रयास से इस अभियान को चलाया जा रहा है। एग्री स्टैक परियोजना के तहत तैयार की जा रही फार्मर आईडी के आधार पर किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा।

**ऐसे बन रही है फार्मर आईडी-** फार्मर आईडी निर्माण प्रक्रिया के तहत सबसे पहले कृषि सलाहकार, कृषि समन्वयक, सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं प्रखंड तकनीकी प्रबंधक किसानों का ई-केवाईसी कर रहे हैं। इसके बाद राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अधिकृत कर्मियों द्वारा किसानों के नाम से जमाबंदी प्रविष्टि की जाती है, जिसके उपरांत फार्मर आईडी जारी की जाती है। अधिकारियों ने बताया कि किसान स्वयं भी कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) अथवा ऑनलाइन माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री करा सकते हैं।

**शिविरों में पहुंचकर कराएं रजिस्ट्रेशन-** बैठक में बताया गया कि जो किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ ले रहे हैं तथा जिनके नाम से जमाबंदी उपलब्ध है, वे विशेष शिविरों में पहुंचकर आसानी से अपना फार्मर आईडी बनवा सकते हैं। वहीं जिन किसानों के नाम से जमाबंदी उपलब्ध नहीं है, वे आवश्यक परिमार्जन कराकर फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी करा सकते हैं। जिला प्रशासन ने किसानों से निर्धारित अवधि के भीतर फार्मर रजिस्ट्री कराने की अपील की है।

**कम प्रगति पर कार्रवाई के निर्देश-** उप विकास आयुक्त ने सभी किसान सलाहकार एवं किसान समन्वयकों को निर्देश दिया कि प्रत्येक पंचायत में प्रतिदिन कम से कम 10 किसानों का फार्मर आईडी बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि जिन कर्मियों की प्रगति संतोषजनक नहीं होगी, उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में घोड़ासहन, मधुबन, तेतरिया एवं पिपराकोठी प्रखंड के प्रखंड कृषि पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण पूछते हुए अगले आदेश तक उनका वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम ने जिले में चल रहे कार्यों की समीक्षा की



**बीएनएम @ गयाजी।** समाहरणालय सभागार में डीएम शशांक शुभंकर ने जिले के सभी सभी प्रखंडों के वरीय प्रभारी पदाधिकारी गणों, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी के साथ जिला में चल रहे जनगणना 2027, फार्मर रजिस्ट्रेशन एवं सहयोग शिविर से संबंधित चल रहे कार्यों की समीक्षा की। डीएम ने सभी प्रखंडों के वरीय प्रभारी पदाधिकारी अपने-अपने निर्धारित प्रखंडों में इन तीनों कार्यों का लगातार अनुश्रवण एवं निरीक्षण करने का निर्देश दिये हैं। डीएम शशांक शुभंकर ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी गणों को इन तीनों महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता के तौर पर करवाने का सख्त निर्देश दिया है। राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में आम नागरिकों को अपनी समस्याएँ, शिकायतें एवं सुझाव सीधे प्रशासन के समक्ष रखने तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से जिले में सहयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पूरे राज्य में प्रथम सहयोग शिविर 19 मई 2026 को लगाया जा रहा है। जिले के सभी प्रखंडों में चयनित 28 पंचायतों में सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। सभी 28 पंचायतों के लिए वरीय पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

### वित्तीय समावेशन और ऋण वितरण बढ़ाने पर बीएलसीसी बैठक में जोर




**बीएनएम @बेतिया** :बैरिया प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ कर्मजीत राम की अध्यक्षता में बैंकर्स लेवल कोऑर्डिनेशन कमेटी (बीएलसीसी) की त्रैमासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रखंड क्षेत्र में बैंकों के सीडी रेशियो में सुधार, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण वितरण में तेजी लाने तथा अधिक से अधिक लोगों को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न बैंकों द्वारा ऋण वितरण की समीक्षा करते हुए बीडीओ ने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिया कि पात्र किसानों एवं जरूरतमंद लोगों को समय पर ऋण उपलब्ध कराया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। बैठक में बैरिया प्रखंड के सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं बैंक कर्मी मौजूद रहे।

### राजहंस पब्लिक स्कूल में वाद - विवाद प्रतियोगिता आयोजित



**बीएनएम @ बगहा** : रामनगर स्थित राजहंस पब्लिक स्कूल में आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई.) जैसे आधुनिक विषय पर अपने विचारों की प्रभावशाली प्रस्तुति देकर सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम विद्यालय की निदेशक सुनीता सिंह की देखरेख में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय 'ए.आई- वरदान या अभिशाप' रखा गया था। विद्यार्थियों ने अपने तर्कों के माध्यम से एआई के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पहलुओं को सामने रखा। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में शिक्षक वसंत सर, समीउद्दीन सर एवं तौफीक सर शामिल रहे। निर्णायकों ने प्रतिभागियों के आत्मविश्वास, तर्क क्षमता और प्रस्तुति शैली का मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में अल्का यादव ने प्रथम, अदिति कुमारी ने द्वितीय तथा अविका सोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### बोलेरो की शीशा फोड़ा, पूछताछ करने पर मारपीट, चार गंभीर रूप से जख्मी



**बीएनएम @ बगहा**: चौतरवा थाना क्षेत्र स्थित इंग्लिशिया गांव में बोलेरो की शीशा अज्ञात लोगों के द्वारा तोड़ने और पूछताछ करने के आरोप में मारपीट में चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इस संदर्भ में इंग्लिशिया गांव के प्रमोद साह ने चौतरवा थाना में चार लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराया है। पीड़ित व्यक्ति ने आरोप लगाते हुए कहा है कि 11 मई की रात इनके बोलेरो का शीशा अज्ञात लोगों के द्वारा तोड़ दिया गया था। सुबह में शीशा टूटा हुआ देख कर अगल बगल के लोगों से पीड़ित व्यक्ति ने पुछताछ करने लगा। इसी बात को लेकर तपन साह, सोनू साह, अभिमन्यु साह, मनीष साह समेत चार लोगों ने एक साजिश के तहत हाथ में लोहे का रड और फरसा, लाठी डंडा लेकर गाली गलौज करते हुए पीड़ित व्यक्ति के दरवाजे पर आ धमके और हमला बोल दिया, जिससे सिर फट गयी और लहुलुहान हो गया। पीड़ित व्यक्ति के साथ मारपीट देख जब बचाने रामचंद्र साह आये तो उनको भी जान मारने की नियत से तपन साह हमला बोल दिया, जिससे वे भी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जब उसे बचाने गुड्डू साह और कृष्णावती देवी आये, तो उन्हें भी चारों व्यक्तियों के द्वारा मारपीट कर जख्मी कर दी गई। पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है।

### शादी के 12 दिन बाद मंगलसूत्र विवाद में दुल्हन की हत्या

**बीएनएम @ गयाजी।** जिले के कोच थाना क्षेत्र के मंझियामा गांव में शादी के महज 12 दिन बाद एक नई नवेली दुल्हन की हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान परैया थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी शिवा पासवान की पुत्री गीता कुमारी के रूप में हुई है।।मृतका के परिजनों ने पति, सास-ससुर समेत पूरे ससुराल पक्ष पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार गीता कुमारी की शादी 30 अप्रैल को हिंदू रीति-रिवाज के साथ कोच थाना क्षेत्र के मंझियामा गांव निवासी राम पुकार पासवान के पुत्र अमित कुमार से हुई थी। शादी को अभी एक महीना भी पूरा नहीं हुआ था कि दुल्हन की मौत की खबर ने मायके वालों को गहरे सदमे में डाल दिया। परिजनों का आरोप है कि गीता की हत्या उसके पति, सास-ससुर और अन्य ससुराल वालों ने मिलकर डंडे से गला दबाकर की है। बताया जा रहा है कि घटना की सूचना देर रात शादी कराने वाले अगुवा ने मृतका के परिवार को दी। खबर मिलते ही मायके वाले तुरंत मंझियामा गांव पहुंचे। वहां पहुंचने पर उन्होंने घर का नजारा देखकर दंग रह गए। परिजनों का आरोप है कि ससुराल वालों ने शव को ठिकाने लगाने की पूरी तैयारी कर ली थी। घर में बोरा और रस्सी रखा गया था, जिससे आशंका जताई जा रही है कि शव को गायब करने की योजना बनाई जा रही थी। परिवार वालों के पहुंचते ही आरोपी घर छोड़कर फरार हो गए। मृतका के पिता शिव पासवान ने पति अमित कुमार, सास-ससुर और अन्य ससुराल वालों के खिलाफ हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो पाएगा। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# एनएच 139 W परियोजना को लेकर पहाड़पुर में उच्चस्तरीय बैठक

बीएनएम @ पहाड़पुर



**पहाड़पुर।** प्रखंड कार्यालय परिसर में NH 139 W (साहेबगंज-अरेराज-बेतिया) सड़क परियोजना को लेकर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य परियोजना से प्रभावित रैयतों से मुआवजा भुगतान हेतु आवश्यक कागजात प्राप्त करने की प्रक्रिया में तेजी लाना था। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, राजस्व पदाधिकारी, सभी हल्का राजस्व कर्मचारी तथा संबंधित पंचायतों के मुखियागण मौजूद रहे। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने अधिकारियों और राजस्व कर्मचारियों को निर्देश दिया कि राजस्व ग्राम स्तर पर विशेष कैंप आयोजित कर रैयतों से समय पर आवश्यक दस्तावेज प्राप्त किए जाएं, ताकि मुआवजे की राशि का भुगतान बिना किसी बाधा के किया जा सके। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों को बताया गया कि पूर्वी चंपारण जिले में NH 139 W सड़क निर्माण परियोजना अब धरातल पर उतर चुकी है। इसी क्रम में पहाड़पुर प्रखंड क्षेत्र में भी बुधवार से 'क्लीयरिंग एंड ग्रबिंग' (C & G) कार्य शुरू किया जाएगा। अधिकारियों ने मुखियाओं से अपील की कि वे अपने-अपने पंचायत क्षेत्र के प्रभावित रैयतों को आवश्यक दस्तावेज जमा करने के लिए प्रेरित करें, ताकि सड़क निर्माण कार्य में किसी प्रकार की रुकावट उत्पन्न न हो। प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाने के उद्देश्य से बैठक में मौजूद सभी मुखियाओं को प्रभावित रैयतों की सूची तथा आवश्यक दस्तावेजों की चेकलिस्ट भी उपलब्ध कराई गई। प्रशासन का लक्ष्य है कि निर्माण कार्य के साथ-साथ पात्र रैयतों को उनके मुआवजे की राशि शीघ्र उपलब्ध कराई जा सके।

## हरसिद्धि में पंचायती राज मंत्री का भव्य स्वागत

बीएनएम @ हरसिद्धि

**हरसिद्धि।** हरसिद्धि में पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश के आगमन पर कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। मंत्री हरसिद्धि थाना क्षेत्र के यादवपुर पंचायत निवासी इंद्रासन प्रसाद के यहां आयोजित एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने फूल-माला पहनाकर मंत्री का जोरदार स्वागत किया। इसके बाद मंत्री स्थानीय कार्यकर्ताओं से मिले और क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत हुए। कार्यकर्ताओं ने उन्हें कई मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन भी सौंपे। मंत्री दीपक प्रकाश ने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए वे लगातार प्रयासरत रहेंगे तथा जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाएगा। बताया जाता है कि मंत्री बनने के बाद हरसिद्धि क्षेत्र में यह उनका दूसरा दौरा है। वे लगातार विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर कार्यकर्ताओं एवं



आम लोगों से संवाद स्थापित कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान मंत्री को गुलदस्ता एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। मौके पर डॉ दीपक कुमार, मधुरेंद्र प्रताप सिंह, भिखारी सिंह कुशवाहा, सुभाष सिंह, मुजीबुर्रहमान, राजकुमार कुशवाहा, मार्कंडेय कुशवाहा उर्फ झुन्ना जी, अभिमन्यु कुमार, रमेश कुमार, रूपलाल प्रसाद कुशवाहा, रवीश कुमार, ओमप्रकाश सिंह एवं उपेंद्र कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई: अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

बीएनएम @ अरेराज



**अरेराज।** अरेराज में पूर्ण शराबबंदी कानून को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से उत्पाद विभाग लगातार छापेमारी अभियान चला रहा है। इसी क्रम में उत्पाद थानाध्यक्ष अरविंद कुमार के नेतृत्व में टीम ने संग्रामपुर थाना क्षेत्र के बिनटोली घाट के समीप कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उत्पाद विभाग की टीम ने घेराबंदी कर संग्रामपुर बिनटोली निवासी नवल मुखिया के पुत्र निरज कुमार को दबोच लिया। गिरफ्तार युवक की उम्र लगभग 20 वर्ष बताई जा रही है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने उसके पास से करीब 16 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद की। साथ ही शराब तस्करी में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर BR05AB0350 बताया गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार अभियुक्त के खिलाफ बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस विशेष छापेमारी दल में एएसआई उत्पल कुमार, रामविनय कुमार, मंतोष कुमार तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। उत्पाद विभाग की लगातार कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों के बीच हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

## आधुनिक तकनीक से हो रहा भूमि सर्वेक्षण, ईटीएस मशीन से सीमा सत्यापन कार्य तेज

बीएनएम @ हरसिद्धि



**हरसिद्धि** अंचल क्षेत्र में बिहार विशेष सर्वे अभियान के तहत भूमि सर्वेक्षण एवं सीमा सत्यापन का कार्य आधुनिक तकनीक के माध्यम से तेजी से किया जा रहा है। विशेष रूप से ट्राइजंक्शन फिक्सिंग का कार्य ईटीएस (ETS) मशीन की सहायता से संबंधित अमीन एवं एएसओ की उपस्थिति में संपन्न कराया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार सर्वेक्षण कार्य निर्धारित नियमों एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप किया जा रहा है, ताकि भूमि अभिलेखों में शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके तथा भविष्य में भूमि विवादों की संभावना को कम किया जा सके। विशेष सर्वेक्षण शिविर प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि पहले भूमि की मापी जरीब और चैन के माध्यम से की जाती थी, लेकिन अब हवाई सर्वेक्षण आधारित आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ईटीएस मशीन के माध्यम से सर्वेक्षण एवं सत्यापन कार्य अधिक सटीक और पारदर्शी तरीके से किया जा रहा है, जिससे सीमांकन में त्रुटियों की संभावना काफी कम हो गई है। उन्होंने जानकारी दी कि विशेष सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत राजस्व ग्राम सोनबरसा, हरसिद्धि पकड़िया एवं पानापुर में सीमा सत्यापन का कार्य उनकी उपस्थिति में पूरा किया गया। इस दौरान अमीन सुबाश कुमार, विकास कुमार, उज्ज्वल कुमारी एवं गगनदीप सिंह ने सक्रिय भूमिका निभाई। इसके अलावा हरसिद्धि अंचल के योगिया, पिपरा, ओरैया तथा रंजीता गांवों में भी सीमांकन कार्य लगातार जारी है। प्रशासन का कहना है कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से भूमि सर्वेक्षण कार्य में तेजी आने के साथ-साथ भविष्य में होने वाले भूमि विवादों को कम करने में भी मदद मिलेगी। इससे किसानों एवं भूमि धारकों को पारदर्शी और सटीक रिकॉर्ड उपलब्ध हो सकेगा।

## मच्छरगाँवा पंचायत में सहयोग शिविर सहित विभिन्न योजनाओं का एसडीओ ने किया निरीक्षण

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा ने गुरुवार को कोटवा प्रखंड अंतर्गत मच्छरगाँवा पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर सहित विभिन्न विकास योजनाओं एवं संस्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गोबरधन प्लांट, निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तथा ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन इकाई (WPU) की स्थिति का जायजा लिया गया। सहयोग शिविर के निरीक्षण में पाया गया कि ग्राम पंचायत कार्यालय में शिविर संचालित किया जा रहा है, जहां प्रखंड स्तर के विभिन्न विभागों के कर्मियों द्वारा अलग-अलग काउंटर पर आम लोगों से आवेदन एवं शिकायत पत्र प्राप्त कर उन्हें पंजी में दर्ज करते हुए "सहयोग" पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। एसडीओ ने प्राप्त आवेदनों एवं उनके निष्पादन की समीक्षा की। निष्पादन कार्य संतोषजनक पाया गया, हालांकि अधिकारियों को इसमें और तेजी लाने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान गोबरधन प्लांट अक्रियाशील पाया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी, कोटवा ने बताया कि यह प्लांट कई महीनों से बंद है और इसे जीविका को हस्तांतरित किया गया है। जीविका की निगरानी में इसे पुनः चालू करने की प्रक्रिया चल रही है। बीपीएम (जीविका) से दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन बात नहीं हो सकी। निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन के निरीक्षण में पाया गया कि ग्राउंड फ्लोर के लिंटल स्तर तक का कार्य पूरा हो चुका है और ऊपर का निर्माण कार्य जारी है। मौके पर मौजूद ठेकेदार के प्रतिनिधि ने बताया कि वर्ष के अंत तक भवन निर्माण कार्य पूर्ण कर विभाग को सौंप दिया जाएगा। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई की स्थिति काफी खराब पाई गई। केंद्र परिसर में कई स्थानों पर गंदगी देखी गई। इस पर एसडीओ ने वहां मौजूद कर्मियों को नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा ग्रामीण मरीजों को समय पर बेहतर इलाज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन इकाई (WPU) भी बंद पाई गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि प्रखंड समन्वयक द्वारा जांच प्रतिवेदन कार्यालय में समर्पित किया गया है, जिसके आधार पर स्थानीय मुखिया एवं पंचायत सचिव को शीघ्र मरम्मत कर इकाई को चालू कराने का निर्देश दिया गया है।

## पश्चिम चम्पारण में युवाओं को मिला नया नेतृत्व



बीएनएम @ बेतिया

**बेतिया।** भारत सरकार के "मेरा युवा भारत" कार्यक्रम के अंतर्गत पश्चिम चम्पारण जिले को वर्षों के प्रतीक्षारत अंतराल के बाद स्थायी जिला युवा अधिकारी के रूप में शशांक मित्तल मिले हैं। इस नियुक्ति से स्थानीय युवाओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। उनके पदभार ग्रहण करने पर स्वयंसेवकों ने अंगवस्त्र भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया।नवपदस्थापित अधिकारी ने युवाओं से जिले को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए संगठित होकर सामाजिक और रचनात्मक कार्यों में सक्रिय भागीदारी की अपील की। कार्यक्रम में अकाउंटेंट देवरागी साह और ऑफिस सहायक अमित सिंह ने भी युवाओं को विकास के प्रति प्रेरित किया। नितेश कुमार पटेल सहित उपस्थित स्वयंसेवकों ने उम्मीद जताई कि अब जिले में युवा गतिविधियों को एक नई और सकारात्मक दिशा प्राप्त होगी।

## गया की माही ने सीबीएसई 12वीं कॉमर्स में किया कमाल

बीएनएम @ गयाजी



**गयाजी**: गया शहर की बेटी माही ने अपनी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के दम पर ऐसा मुकाम हासिल किया है, जिस पर पूरे जिले को गर्व हो रहा है। गया शहर के ढोलकिया गली निवासी कपड़ा व्यवसायी मनोज कुमार की पुत्री माही ने सीबीएसई 12वीं कॉमर्स परीक्षा में 500 में 499 अंक प्राप्त कर देशभर की टॉपर सूची में अपनी जगह बनाई है। माही की इस शानदार सफलता के बाद उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है और पूरे मोहल्ले में जश्न का माहौल है। गुरुवार को स्थानीय वार्ड पार्षद मुन्नी देवी अपने समर्थकों और मोहल्लेवासियों के साथ गुलदस्ता, शिल्ड मेडल, फूल-मालाएं और मिठाइयां लेकर माही के घर पहुंचीं। वहां माही को गुलदस्ता और शील्ड मेटल से सम्मानित किया गया और मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। माही ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया। उन्होंने कहा कि उनके माता-पिता ने हमेशा पढ़ाई के लिए प्रेरित किया और कभी किसी प्रकार का दबाव नहीं बनाया। माही ने बताया कि वह रोजाना निर्धारित समय पर पढ़ाई करती थीं और सोशल मीडिया तथा अनावश्यक चीजों से दूरी बनाकर रखती थीं। माही के पिता मनोज कुमार ने बताया कि उनकी बेटी शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही है। उन्होंने कहा कि माही ने कभी समय बर्बाद नहीं किया और हमेशा अपने लक्ष्य पर फोकस रखा। बेटी की इस उपलब्धि से पूरा परिवार बेहद खुश और गौरवान्वित है। वहीं उनकी मां भावुक नजर आईं। माही आगे चलकर कॉमर्स क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त कर देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में पढ़ाई करना चाहती हैं। उनकी इस शानदार सफलता ने गया जिले को एक नई पहचान दी है और आने वाले समय में वह हजारों छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत बन सकती हैं।

## डीएम ने योजनाओं की समीक्षा बैठक में दिए कई निर्देश

बीएनएम @ गयाजी




**गयाजी।** समाहरणालय सभागार में डीएम शशांक शुभंकर ने बोधगया में क्रियान्वित-प्रस्तावित राज्य सरकार की योजनाओं की समीक्षा बैठक किया। बोधगया में वाटर सप्लाई योजना के समीक्षा के दौरान बताया गया कि बोधगया जलापूर्ति परियोजना अंतर्गत 11007 घरों में जल संयोजना हेतु आठ ट्यूबेल, 8 क्लोरिनिएटर प्रणाली के साथ पंप हाउस, एक क्लीनर वाटर रिसीवर पंप, 05 जल मीनार, 17.26 किलोमीटर राइजिंग मेंन पाइप एवं 207.85 किलोमीटर जल वितरण नेटवर्क का कार्य किया जाना है। बुडको के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि पांच जल मीनार के निर्माण हेतु अंचल अधिकारी बोधगया से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त हो गया है। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि यह परियोजना अगले 11 महीना के अंदर गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए पूर्ण करवाये साथ ही जिन स्थानों पर पाइपलाइन बिछाने हेतु सड़के खोदी जाएगी उसके समानांतर सड़के को समतलीकरण भी करवाते चले ताकि आवागमन में किसी प्रकार का कोई व्यवधान नहीं हो सके। भागलपुर पार्क जीर्णोद्धार परियोजना के समीक्षा के दौरान कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बोधगया को निर्देश दिए हैं कि अगले 15 दिनों के अंदर कार्य प्रारंभ करना सुनिश्चित करें। नगर परिषद बोधगया नोड वन मोड़ से नोड वन बस स्टैंड तक सड़क एवं नाला निर्माण के समीक्षा के दौरान कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग एवं पर्यटन विभाग को आपस में समन्वय कर सड़क निर्माण में अग्रेतर कार्रवाई करवाने का निर्देश दिए हैं। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता आपदा, अनुमण्डल पदाधिकारी सदर, वरीय उप समाहर्ता धनराज कुमार सहित सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## इंसाफ मिलने का भरोसा नहीं

**सवाल यह नहीं है कि केजरीवाल की दलीलें कितनी वजनदार थीं। मुद्दा केजरीवाल का यह कहना है कि उन्हें न्यायमूर्ति शर्मा से इंसाफ मिलने का भरोसा नहीं है। इस शक का साया आगे की कार्यवाही पर भी पड़ा रहेगा। यह घिसा-पिटा कथन, लेकिन महत्त्वपूर्ण मानदंड है कि इंसाफ ना सिर्फ होना चाहिए, बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिए। और ऐसा तब कतई नहीं हो सकता, जब जज पर विवाद से संबंधित किसी एक पक्ष को भरोसा ना हो। दिल्ली हाई कोर्ट की न्यायाधीश न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका ठुकराते हुए इस अति महत्त्वपूर्ण पहलू की उपेक्षा कर दी। परंपरा भी यही है कि जब जज के हित न्याय की अपेक्षा से टकराते हों अथवा जज की निष्पक्षता पर किसी पक्ष को संदेह हो, तो संबंधित न्यायाधीश उस मामले से खुद को अलग कर लेते हैं। दिल्ली उत्पाद नीति से संबंधित मुकदमे में केजरीवाल ने न्यायमूर्ति शर्मा की अदालत में उपस्थित होकर उनको लेकर अपने संदेह के पक्ष में लंबी दलीलें दीं। भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में संभवतः यह पहली ऐसी कार्यवाही थी, जिसे पूरे देश ने लाइव सुना और देखा। ये दीगर बात है कि बाद में हाई कोर्ट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से खुद अपनी उस कार्यवाही के वीडियो को हटाने का विडंबनापूर्ण निर्देश जारी कर दिया। बहरहाल, सवाल यह नहीं है कि केजरीवाल की दलीलें कितनी वजनदार थीं। मुद्दा है कि केजरीवाल ने खुल कर कहा कि उन्हें न्यायमूर्ति शर्मा से इंसाफ मिलने का भरोसा नहीं है। उनकी पार्टी के नेताओं ने इसको सार्वजनिक चर्चा का विषय बना रखा है। ऐसे में आशंका है कि ठोस तथ्यों के आधार पर भी निर्णय अगर केजरीवाल के खिलाफ आया, तो उसकी विश्वसनीयता पर उनकी ओर सवाल खड़े किए जाते रहेंगे। न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि 'अविश्वास के बीज बोने0 की कोशिशों के दरवाजे नहीं खोले जा सकते। उन्होंने कहा कि जज की निष्पक्षता एक पूर्व-धारणा होती है। जज तभी मामले से अपने को अलग कर सकता है, जब वादी इस पूर्व-धारणा का खंडन करने में सफल रहे। हाई कोर्ट इस निष्कर्ष पर है कि केजरीवाल ऐसा करने में विफल रहे। इसलिए वह उनके नैरेटिव से बिना प्रभावित हुए आगे बढ़ेगा। मगर व्यवहार में अक्सर कथानक और दबी जुबान में होने वाली चर्चाओं की अपनी जिंदगी होती है। उनके असर की अनदेखी के अपने जोखिम होते हैं।**

## आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर कदम : सोना बचत और वर्क फ्रॉम होम का संदेश

**सुनील कुमार महला**

हाल ही में हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से पेट्रोल-डीजल की बचत करने, अनावश्यक विदेश यात्राओं से बचने, वर्क फ्रॉम होम(जैसा कि हमने कोविड काल के दौरान इसे अमल में लाया था) जैसे उपाय अपनाने तथा एक वर्ष तक गैर-जरूरी सोना नहीं खरीदने की अपील की है। वास्तव में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह अपील पश्चिम एशिया संकट, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और भारत के विदेशी मुद्रा भंडार पर बढ़ते दबाव के संदर्भ में की गई है। पिछले कुछ समय से हमारे देश के साथ ही साथ पूरे विश्व ने पश्चिम एशिया संकट का सामना किया। मसलन, युद्ध के कारण पूरे विश्व में खाद्य पदार्थों में जहां एक ओर महंगाई का सामना करना पड़ा, वहीं दूसरी ओर तेल-गैस संकट के बादल भी मंडराए। गैस के लिए लंबी-लंबी कतारें हमें हर कहीं पर देखने को मिलीं,कई स्थानों पर तो तेल के लिए भी कमोबेश यही स्थिति देखने को मिली। इस क्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपनी जरूरत का अधिकांश कच्चा तेल और बड़ी मात्रा में सोना आयात करता है। ऐसे में पेट्रोल-डीजल और सोने पर अधिक खर्च से विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ता है तथा व्यापार घाटा भी बढ़ सकता है। इसलिए हमें यह चाहिए कि हम हर क्षेत्र में बचत को महत्व दें। वास्तव में मनुष्य के जीवन में बचत का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। बचत केवल हमारे अर्थ(धन) को ही सुरक्षित रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह हमारे भविष्य की सुरक्षा, हमारी आत्मनिर्भरता और संतुलित जीवन का आधार भी बनता है। हमें यह याद रखना चाहिए कि मनुष्य के जीवन में कभी भी अचानक बीमारी, आर्थिक संकट, बेरोजगारी या अन्य कठिन परिस्थितियाँ आ सकती हैं। ऐसे समय में बचत ही मनुष्य का सबसे बड़ा सहारा बनती है। यही कारण है कि कहा जाता है- बूंद-बूंद से घड़ा भरता है। छोटी-छोटी बचतें भविष्य में बड़ी शक्ति बन जाती हैं।हमारी सनातन भारतीय संस्कृति में बचत की परंपरा प्राचीन काल से रही है। कहना ग़लत नहीं होगा कि हमारे यहां तो लोग सदैव सादा जीवन, उच्च विचार और विवेकपूर्ण खर्च को महत्व देते आए हैं। प्राचीन काल गांवों में लोग अनाज, घी, धन और अन्य आवश्यक वस्तुओं का संग्रह करके रखते थे, ताकि कठिन समय में परिवार सुरक्षित रह सके। गृहिणियाँ भी घर के खर्च से थोड़ा-थोड़ा बचाकर भविष्य के लिए संचित करती थीं। यही पारिवारिक बचत भारतीय समाज की आर्थिक मजबूती का आधार रही है।हमारे बुजुर्ग हमेशा यह शिक्षा देते थे कि आय से कम खर्च करना चाहिए और अनावश्यक दिखावे से बचना चाहिए। भारतीय परिवारों में बच्चों को भी छोटी उम्र से ही गुल्लक में पैसे जमा करने की आदत डाली जाती रही है। यह केवल आर्थिक शिक्षा नहीं, बल्कि संयम और दूरदर्शिता का संस्कार भी है। बहरहाल, यहां यह कहना चाहूंगा कि बचत की प्रेरणा हमें चींटियों से लेनी चाहिए। वास्तव में, चींटियां हमें बचत, परिश्रम और दूरदर्शिता की अद्भुत प्रेरणा देती हैं। छोटी-सी दिखाई देने वाली चींटी अपने भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए निरंतर मेहनत करती रहती है। वह अनुकूल समय में भोजन के छोटे-छोटे कण इकट्ठा करके अपने बिल में जमा करती है, ताकि विपरीत परिस्थितियों में उसे कठिनाई न हो। यही कारण भी है कि चींटी को बचत और अनुशासन का प्रतीक माना जाता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि थोड़ी-थोड़ी बचत भविष्य में बड़े संकटों से बचा सकती है। जिस प्रकार चींटी कभी आलस्य नहीं करती और लगातार अपने लक्ष्य में लगी रहती है, उसी प्रकार हमें भी अपने जीवन में परिश्रम, संयम और बचत की आदत अपनानी चाहिए। चींटियां यह संदेश देती हैं कि भविष्य की चिंता केवल सोचने से नहीं, बल्कि आज से तैयारी करने से दूर होती है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि छोटी कोशिशें और छोटी बचतें ही आगे चलकर बड़ी ताकत बनती हैं। इसलिए कहा जा सकता है कि चींटियां केवल प्रकृति का जीव नहीं, बल्कि जीवन प्रबंधन की एक महान शिक्षक भी हैं।आज उपभोक्तावाद और दिखावे की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण बचत की आदत कमजोर होती जा रही है, जबकि वर्तमान समय में इसकी आवश्यकता और भी अधिक बढ़ गई है। बचत व्यक्ति को आत्मविश्वास देती है और देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बनाती है। इसलिए हमें अपनी पुरानी परंपराओं से प्रेरणा लेते हुए बचत को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाना चाहिए। हाल फिलहाल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से सार्वजनिक परिवहन, कारपूलिंग, इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग और लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देने की भी अपील की। साथ ही विदेश यात्राओं, डेस्टिनेशन वेडिंग और गैर-जरूरी खर्चों को टालने का आग्रह किया।लोकल फॉर वोकल से देश का पैसा देश में ही रहेगा और देश और अधिक आर्थिक तरक्की तथा आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होगा। हाल फिलहाल, प्रधानमंत्री की यह अपील आर्थिक अनुशासन, विदेशी मुद्रा संरक्षण और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच देश की आर्थिक स्थिरता बनाए रखने की रणनीति का हिस्सा मानी जा रही है। आज हम अनावश्यक खर्च करते हैं। हम संसाधनों का सही व विवेकपूर्ण इस्तेमाल करें और जहां तक हो सके बचत को जीवन में अपनाएं। वास्तव में प्रधानमंत्री की यह कटौती की नहीं, बल्कि स्मार्ट लाइफ स्टाइल की सलाह है, और हम मिलकर ये सब आसानी से कर सकते हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि समझदारी से खर्च बनेगा देश के लिए आर्थिक रूप से बहुत ही सहायक सिद्ध हो सकता है। वास्तव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सरकार यह नहीं कह रहे कि कोई खर्च न करे, बल्कि हमें खर्च घटाने हैं, बल्कि उन्होंने तो यह अपील की है कि युद्ध के इस दौर में हमें ऐसे खर्च कम करने हैं, जिससे देश की विदेशी मुद्रा की बचत हो सके। हम स्मार्ट लाइफ स्टाइल अपनाकर इस बर्बादी को रोक सकते हैं, ताकि देश के सामने आर्थिक संकट न आए(कोविड काल में हमने बचत के बड़े उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। मसलन, घर से कामकाज किया, तेल की बचत हुई, पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिली।हमारी उत्पादकता (प्रोडक्टिविटी) में अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी देखने को मिली। जब संकट आए तब ही हम बचत क्यों करें, जीवन के हर पलों में हमें बचत करनी चाहिए, ताकि कभी कोई संकट आए ही नहीं।पीएम ने वर्क फ्रॉम होम की सलाह दी है, जो संसाधनों की बचत के साथ आर्थिक नजरिये से भी फायदेमंद है। ऐसे ऑर्गनाइजेशन जहां, 100-200 या ज्यादा स्टाफ है, वहां लोगों को वर्क फ्रॉम होम या हाइब्रिड मॉडल में काम की सुविधा दी गई तो तेल का खर्च बचेगा। यात्रा की थकान कम होगी और प्रोडक्टिविटी भी बढ़ेगी। प्रधानमंत्री ने विदेश में डेस्टिनेशन वेडिंग से बचने और गैर-जरूरी विदेश यात्रा टालने को कहा है। आंकड़े बताते हैं कि देश की तुलना में विदेश में डेस्टिनेशन वेडिंग में 30-36% तक ज्यादा खर्च होता है। इसमें देश का बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा भंडार खर्च होता है। एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार अभी भारत की हर 100 डेस्टिनेशन वेडिंग में 15 विदेश में होती है। भारत में डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए राजस्थान, उत्तराखंड, गुजरात, गोवा, हिमाचल और कश्मीर जैसी कई जगहें हैं, जिनका चुनाव किया जा सकता है। आज इलेक्ट्रिक गाड़ी सबसे प्रभावी विकल्प है,बचत का। इससे पाल्यूशन भी नहीं होता,तेल की भी बचत होती है।सरल शब्दों में कहें तो इलेक्ट्रिक व्हीकल (ई-व्हीकल) पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। ये वाहन पेट्रोल-डीजल की तुलना में कम प्रदूषण फैलाते हैं, जिससे वायु गुणवत्ता बेहतर होती है। ई-व्हीकल चलाने में खर्च भी कम आता है, क्योंकि बिजली की लागत ईंधन से सस्ती होती है। इसके अलावा, ध्वनि प्रदूषण भी कम होता है और देश की तेल पर निर्भरता घटती है। आधुनिक तकनीक से लैस ये वाहन ऊर्जा संरक्षण और स्वच्छ भविष्य के लिए उपयोगी साबित हो रहे हैं। आज केमिकल खाद के स्थान पर जैविक खाद का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद सिद्ध हो सकता है। इससे धन की भी बचत होगी तथा स्वास्थ्य के भी फायदे होंगे। वास्तव में केमिकल खाद का कम उपयोग करने के लिए सॉइल मैपिंग और सॉइल हेल्थ कार्ड बहुत उपयोगी हो सकते हैं। इससे यह पता चल सकेगा कि किस क्षेत्र की मिट्टी में कौन-से पोषक तत्व की कमी है। उसी अनुसार वहां जरूरत जितनी ही रासायनिक खाद भेजी जाए। ड्रिप और फर्टि-इरिगेशन तकनीक से खाद और पानी की बर्बादी भी रुकेगी। सरकार कंपनियों के लिए यह नियम बना सकती है कि वे जितनी रासायनिक खाद बनाएं, उसका 26 प्रतिशत बायोफर्टिलाइजर भी तैयार करें। जैविक खाद पर सब्सिडी मिलने से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलेगा। इन उपायों से रासायनिक खाद के आयात पर होने वाला खर्च काफी कम हो सकता है। प्रधानमंत्री ने सोना नहीं खरीदने या जरूरत होने पर ही सोना खरीदने की सलाह दी है। दरअसल, आज भारत दुनिया में सबसे ज्यादा सोना खरीदने वाले देशों में शामिल है।पाठक जानते होंगे कि हमारा देश बड़ी मात्रा में सोना विदेशों से आयात करता है, जिससे विदेशी मुद्रा का बहुत खर्च होता है। यदि लोग गैर जरूरी सोने की खरीद कम करें, तो देश का आयात बिल घटेगा और विदेशी मुद्रा की बचत होगी। इससे सरकार के पास पेट्रोल, गैस, तकनीक और जरूरी वस्तुओं के आयात के लिए अधिक पैसा बचेगा।कम सोना खरीदने से लोग अपनी बचत बैंक, शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड या उद्योगों में निवेश कर सकते हैं, जिससे देश की अर्थव्यवस्था और रोजगार को मजबूती मिलेगी। साथ ही, व्यापार घाटा कम होगा और रुपये की स्थिति भी मजबूत हो सकती है।इसके अलावा, पीएम ने खाने में तेल के कम इस्तेमाल की भी सलाह दी है। वास्तव में इसके पीछे का मकसद तेल आयात में होने वाले बड़े खर्च को कम करना है। अच्छी सेहत के लिए भी यह जरूरी है। ज्यादा तेल वाला खाना अनेक बीमारियों का कारण बनता है। कम तेल का खाना शरीर स्वस्थ रखता है। घर खर्च भी कम होता है। (सुनील कुमार महला, फ्रीलांस राइटर, कॉलमिस्ट व युवा साहित्यकार, पिथौरागढ़, उत्तराखंड।)

## पेपर लीक-लचर न्याय प्रक्रिया के साइड इफेक्ट

**डॉ योगेन्द्र श्रीवास्तव**

एक बार फिर नीट यूजी परीक्षा रद्द कर दी गई। पिछले दस सालों में यह चौथा मौका है जब देश की सर्वाधिक महत्वपूर्ण परीक्षाओं में से एक नीट यूजी में पेपर लीक होने की घटना हुई है। नीट के अलावा पिछले दस सालों में लगभग सौ प्रतियोगी परीक्षाएं रद्द की गई हैं। विश्वगुरु होने का दावा करने वाले देश के लिये यह बेहद शर्मनाक घटना है। प्रतियोगी परीक्षा के पीछे केवल परीक्षार्थियों की मेहनत और महत्वाकांक्षा ही ध्वस्त नहीं होती, उनके परिवार के सपने भी टूटते हैं और सारा त्याग और सम्बल व्यर्थ हो जाता है। साथ ही देश के संसाधनों की बरबादी होती है और छात्रों का बहुमूल्य समय नष्ट होता है। उन्नत टेक्नोलॉजी के दौर में देश एक सुरक्षित और विश्वसनीय परीक्षा प्रणाली विकसित नहीं कर पाता तो यह सिस्टम की घोर असफलता है। समय और संसाधनों की बरबादी के अलावा ऐसी घटनाओं से देश की प्रतिष्ठा हानि भी होती है।

सवाल यह है कि ऐसा होता क्यों है? इसके पीछे कई फैक्टर हैं जैसे छात्रों और उससे ज्यादा उनके परिवारों की महत्वाकांक्षा, गलाकाट प्रतिस्पर्धा, कोचिंग संस्थानों का रैकेट और काला धन। दरअसल पढ़ाई या नौकरी से संबंधित कोई भी प्रतियोगी परीक्षा शिक्षा व्यवस्था के दलालों और कोचिंग रैकेट के सरगनाओं के लिए एक कमाई का मौका बन जाती है। पेपर लीक तो सिर्फ पहली सीढ़ी है, उसके बाद मूल्यांकन में गड़बड़ी, मेरिट लिस्ट में हेराफेरी, अलॉटमेंट में जुगाड़ वगैरह सब पर शिक्षा माफिया का कंट्रोल होता है। अगर कहीं चूक हो जाए तो शोर मच जाता है वरना ये सब घोटाला बदस्तूर चलता रहता है।




लेकिन सबसे बड़ा फैक्टर है; हमारी लचर न्याय प्रक्रिया! समाज के हर क्षेत्र में बढ़ते हुए अपराध वास्तव में कमजोर न्याय प्रक्रिया का साइड इफेक्ट है। मसलन बीसियों बार पेपर लीक हो चुके हैं अथवा नियुक्ति प्रक्रिया रद्द की गई है मगर हमारी सरकारें कुछ सीखती ही नहीं। लोगों को वर्ष 2013 में मध्यप्रदेश का बहुचर्चित और बदनाम व्यापम घोटाला जरूर याद होगा जिसमें अनेक अपात्रों को मेडीकल कॉलेजों में दाखिला और कई अन्य विभागों में नौकरी दिलाई गई थी। मगर यह किसी को याद नहीं होगा कि पुलिस की चार्ज शीट में लगभग 3000 लोगों के नाम होने के बाद बमुश्किल 100 लोगों को सजा हुई। वह भी लम्बी ट्रायल, जमानत और अपील वगैरह के बाद। ऐसा अमूमन हर घोटाले के साथ होता है। पकड़े जाने पर मीडिया में शोरगुल, आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन, जाँच और फिर कानूनी प्रक्रिया का लम्बा दौर। कई बार तो आरोप पत्र ही सालों बाद कोर्ट में पेश होता है। इस लेट लतीफी का लाभ लेकर जमानत पर छूटे चतुर अपराधी सबूतों और गवाहों की भूल भुलैया में केस उलझा देते हैं। आखिर में कुछ लोगों को दण्डित कर मामला खत्म कर दिया जाता है। इस सारी प्रक्रिया में सिस्टम से जुड़े उच्चाधिकारी साफ बच निकलते हैं क्योंकि उनके अलिखित आदेशों का कोई रिकॉर्ड ही नहीं होता। ये तमाशा केवल पेपर लीक और परीक्षाओं के मैनेज करने तक नहीं बल्कि हर तरह के भ्रष्टाचार में दिखाई देता है। ईडी, इन्कम टैक्स, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जीएसटी वगैरह किसी भी एजेंसी का मामला हो आखिर में अंजाम लगभग यही होता है। डकैती, रेप और हत्या जैसे संगीन अपराधों में भी न्याय प्रक्रिया की कमजोरी और लेट लतीफी आखिर अपराधियों को ही लाभ पहुंचाती है।जनता भी जब-तब उजागर होने वाले नए घोटालों की सनसनी में पुराने मामले भूलती जाती है। अपराधियों के हौसले इस कदर बुलन्द हैं कि आजकल जमानत पर छूटने का भी जश्न मनाया जाता है। जाहिर है कि जमानत पर छूट जाना ही अपराधी के लिए कामयाब हो जाना है क्योंकि मुकदमा तो सालों तक चलना निश्चित ही है। कई अपराधी जमानत पर छूटकर दोबारा भी अपराध कर गुजरते हैं।

अधिकांश घोटाले अथवा अपराध कुछ लोगों तक ही सीमित होते हैं लेकिन जब पेपर लीक या नियुक्ति रद्द होने जैसी घटनाएं होती हैं तो लाखों लोग प्रभावित होते हैं। नीट यूजी की परीक्षा लगभग 22 लाख छात्रों ने महीनों की कड़ी मेहनत झोंक दी होगी। वर्ष 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल में लगभग 25000 नियुक्तियों को निरस्त कर दिया था। हाल में ही मध्यप्रदेश में 13000 प्राथमिक शिक्षकों की चयन सूची पर रोक लगा दी गई है। परीक्षा एवं चयन में गड़बड़ी के ऐसे सैकड़ों उदाहरण हैं जब परीक्षार्थियों अथवा प्रतिस्पर्धियों की मेहनत व्यर्थ गई और उनके सपने टूट गए।स्पष्ट है कि अपराधियों, आला अफसरों और राजनेताओं की मिलीभगत के बिना ऐसा होना सम्भव ही नहीं।

खेदजनक तथ्य यह है कि राजनीति और अपराध के गठजोड़ के चलते कानून का डर धीरे-धीरे खत्म होता जा रहा है। एक आम आदमी जरूर कानून से डरता है लेकिन अपराधी बेखौफ अपराध करते रहते हैं क्योंकि अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण भी प्राप्त है। रेत माफिया और जंगल माफिया के पुलिस और अधिकारियों पर हमले उनकी राजनेताओं से सांठ गांठ के उदाहरण हैं। यह समझना मुश्किल नहीं कि अपराधी और राजनेता अब एक दूसरे के हितसाधक हो गए हैं। इससे ज्यादा त्रासद और शर्मनाक क्या होगा कि आपराधिक मामलों में लिप्त सैकड़ों राजनेता विधायक और सांसद बने हुए हैं। न्याय प्रक्रिया की लापरवाही और लेट लतीफी के चलते ऐसे राजनेता कानून के उस सिद्धान्त का सहारा लेते हैं कि; दोषी साबित होने तक आरोपी निर्दोष है। बहुतों को आखिरकार सजा होती भी है लेकिन तब तक वे कई महत्वपूर्ण पद सुशोभित कर चुके होते हैं। अपराधियों में कानून का भय खत्म हो जाना समाज के लिए खतरे की घंटी है और इसके परिणाम दिखाई भी देने लगे हैं। अगर समय रहते न्याय प्रक्रिया में व्यापक और वांछित सुधार नहीं किए गए तो यह अनदेखी समाज और देश के लिए बहुत घातक साबित होगी।

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## आज का राशिफल

**मेष राशि** : मेष राशि वालों आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। माता-पिता आज अपने बच्चों के लिए समय निकालेंगे और उनके साथ गेम खेलेंगे। सिंगर्स को आज किसी बड़े एल्बम में गाने का मौका मिल सकता है। आज ऑफिस के काम को समय से पूरा करने में आपको सफलता मिलेगी। राजकीय क्षेत्र में लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना कर रखें, लोग आपका समर्थन करेंगे।

**वृषभ राशिः** वृष राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आप परिवार वालों के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे साथ ही जीवनसाथी के साथ आप किसी बात को लेकर विचार विमर्श करेंगे, इससे आपके रिश्ते बेहतर होंगे। आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे।

**मिथुन राशिः** मिथुन राशि वालों आज आपका दिन नई उमंगों भरा रहेगा। आज ऑफिस में आपके प्रमोशन होने की खुशखबरी मिलेगी। आप दोस्तों के साथ कुछ खुशी के पल बिताएंगे। साथ ही आपको दोस्तों का भरपूर सहयोग मिलेगा। आज कार्य क्षेत्र में कुछ नए लोगों से मुलाकात हो सकती है। परिवार से जुड़ी बड़ी परेशानी खत्म होने के योग हैं।

**कर्क राशिः** कर्क राशि वालों आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। आज अनावश्यक सोचने से बचें, नहीं तो आपकी उलझनें बढ़ सकती हैं। आज घरवालों के साथ खुशी का वातावरण रहेगा। आज जरूरी काम और रिश्तों के बारे में विचार अवश्य करें। उनसे महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। जीवनसाथी से मन की बात शेयर कर सकते हैं।

**सिंह राशिः** सिंह राशि वालों आज का दिन आपके लिए ठीक ठाक रहने वाला है। आज आप अपने दोस्त के साथ शाम को पार्टी करेंगे। आज कार्य स्थल पर आप उत्साह के साथ काम करेंगे, कलीग्स आपको फॉलो करेंगे। लेखकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज परिवार में सुख समृद्धि का माहौल रहेगा।

**कन्या राशिः** कन्या राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे। आज आप मेहनत, धैर्य और समझदारी से जरूरी काम निपटा लेंगे। आज आपके पास बहुत सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं। किसी कविता या कहानी के लिए आपको सम्मानित किया जा सकता है।

**तुला राशिः** तुला राशि वालों आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके विचारों को अहमियत मिलेगी, आपका सम्मान बढ़ेगा। आज आप माता पिता के साथ बैठकर भविष्य की योजनाओं पर बात करेंगे। आज आप किसी व्यक्ति को जरूरी काम करने के लिए साहस देंगे, ऐसा करके आपको अच्छा फील होगा।

**वृश्चिक राशिः** वृश्चिक राशि वालों आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज बड़ों की राय मानना आपके लिए बेहतर साबित हो सकता है। कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रहे छात्रों की मेहनत जल्द रंग लाएगी। इस राशि के इलेक्ट्रीशियन के कारोबारियों को व्यापार में अधिक लाभ मिलेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपका मान सम्मान बढ़ेगा।

**धनु राशिः** धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आप जीवनसाथी के साथ घूमने जाएंगे, जिससे रिश्ते में और मजबूती आएगी। आप एक दूसरे की भावनाओं को समझने के साथ ही जीवन की हर परिस्थिति में साथ देने का वादा भी करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स आज किसी विशेष टॉपिक को समझने के लिए अपने सीनियर्स की मदद लेंगे। काफी समय से चल रही किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

**मकर राशिः** मकर राशि वालों आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप कहीं घूमने जा सकते हैं। आप किसी व्यक्ति की बातों से प्रभावित होंगे। आज समस्याओं से घबराने के बजाय उनको शांत मन से सुलझाने की कोशिश करें। आज आपको अपने स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहने की खास जरूरत है। आज आप शाम का समय अपने दादी-दादा के साथ बिताएंगे, आपकी बचपन की यादें ताजा होंगी।

**कुम्भ राशिः** कुम्भ राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। दोस्त शाम के लिए बढ़िया योजना बनाकर आपकी शाम खुशनुमा कर देंगे। आज आप अपने आप में काफी अच्छा महसूस करेंगे। आज अच्छे काम के कारण लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। किसी रिश्तेदार से आपकी फोन पर बात होगी। जिन बातों में आपकी ज्यादा रुचि है, उन पर ध्यान देंगे, आपको खुशी होगी।

**मीन राशिः** मीन राशि वालों आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके करियर में एक नया मोड़ आने वाला है। यह आपके लिए बढ़िया साबित होगा। आज आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जिससे आगे चलकर आपकी गहरी दोस्ती हो सकती है। जो चीजें महत्वपूर्ण हैं उनको खुद ही संभालें और जरूरत हो तो किसी अनुभवी की सलाह भी लें। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आएगी।

## हर शाख पर उल्लू बैठे हैं अंजाम गुलिस्ताँ क्या होगा?

**मनोज कुमार अग्रवाल**

2026 नीट यूजी परीक्षा रद्द होने की खबर ने केवल लाखों छात्रों और उनके अभिभावकों को सकते में डाल दिया है,न सिर्फ एक अविश्वास और संदेह के माहौल को जन्म दिया है और देश की तमाम प्रतियोगी परीक्षा व्यवस्था को कठघरे में खड़ा कर दिया है। यह मामला सिर्फ एक प्रश्नपत्र के लीक होने का नहीं है, बल्कि उन सपनों के टूटने का है, जिनके सहारे देश के लाखों युवा और उनके परिवार वर्षों तक तक संघर्ष संघर्ष करते करते हैं।। हैं। मेडिकल कॉलेज में प्रवेश पाने की चाह में विद्यार्थी दिन-रात मेहनत करते हैं, परिवार अपनी जमा-पूंजी खर्च करते हैं, माता-पिता अपनी इच्छाएं दबाकर बच्चों की तैयारी में सहयोग करते हैं। ऐसे में जब पेपर लीक जैसी घटनाएं सामने आती हैं, तो सबसे बड़ा नुकसान केवल परीक्षा प्रणाली का नहीं, बल्कि भरोसे का होता है। देश में प्रतियोगी परीक्षाएं लंबे समय से मेहनत, योग्यता और निष्पक्षता का प्रतीक मानी जाती रही हैं। खासकर नीट जैसी परीक्षा, जिसमें लाखों छात्र शामिल होते हैं, केवल प्रवेश परीक्षा नहीं होती, बल्कि भविष्य तय करने वाला एक महत्वपूर्ण पड़ाव होती है। इसलिए जब ऐसी परीक्षा पर प्रश्नचिह्न लगता है, तो उसका असर केवल परीक्षा केंद्रों तक सीमित नहीं रहता। इसका असर घरों, कोचिंग संस्थानों, छोटे शहरों, गांवों और उन परिवारों तक पहुंचता है, जिन्होंने अपने बच्चों को डॉक्टर बनते देखने का सपना देखा होता है। नीट यूजी 2026 परीक्षा रद्द होने के बाद सबसे बड़ा सवाल यही है कि इतने बड़े स्तर की परीक्षा व्यवस्था में सेंध कैसे लगी। परीक्षा की तैयारी से लेकर प्रश्नपत्र निर्माण, छपाई, परिवहन, भंडारण और वितरण तक कई स्तरों की सुरक्षा व्यवस्था होती है। इसके बावजूद यदि पेपर बाहर पहुंच जाता है, तो यह स्पष्ट संकेत है कि कहीं न कहीं सिस्टम में गंभीर कमजोरी है। यह कमजोरी केवल तकनीकी नहीं हो सकती, बल्कि प्रशासनिक, मानवीय और नैतिक स्तर पर भी हो सकती है। पेपर लीक का सबसे खतरनाक पहलू यह है कि यह अब आकस्मिक अपराध नहीं रहा, बल्कि संगठित अवैध कारोबार का रूप लेता जा रहा है। इस पूरी व्यवस्था में ऊपर बैठे मास्टरमाइंड से लेकर स्थानीय एजेंटों तक एक लंबी श्रृंखला काम करती है। कोई प्रश्नपत्र तक पहुंच बनाता है, कोई उसे क्षेत्रीय स्तर पर बेचता है, कोई छात्रों और अभिभावकों से संपर्क करता है, तो कोई सॉल्वर या जवाब तैयार करने वालों की व्यवस्था करता है। यह पूरी प्रक्रिया बताती है कि शिक्षा जैसे पवित्र क्षेत्र में भी अपराधी मानसिकता ने एक समानांतर बाजार बना लिया है। इस तथाकथित लीक अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा आधार छात्रों की मजबूरी और परिवारों की चिंता है। इससे पहले भी नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट 2021ःएग्जाम के दौरान एग्जाम शुरू होने से करीब आधे घंटे पहले सोशल मीडिया पर नीट 2021 का क्वेश्चन पेपर वायरल होता मिला. पुलिस ने इस मामले में एक 18 साल के कैंडिडेट, एग्जाम सेंटर के एडमिनिस्ट्रेशन यूनिट के इंचार्ज और चार अन्य लोगों को गिरफ्तार किया.5 मई, 2024 को हुई नीट एग्जाम के बाद पेपर लीक, ऑर्गनाइज्ड चीटिंग और गड़बड़ियों के आरोप सामने आने के बाद 2024 में यह विवाद शुरू हुआ. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले 7 सालों में देश के अलग-अलग राज्यों में 70 से ज़्यादा एग्जाम पेपर लीक हुए हैं, जिससे 1.5 करोड़ से ज़्यादा युवाओं के करियर पर असर पड़ा है. आपको बता दें मेडिकल सीटों की संख्या सीमित है, प्रतियोगिता बहुत कठिन है और सफल होने का दबाव बेहद अधिक है। इसी दबाव का लाभ उठाकर लाल और गिरोह छात्रों के भविष्य को बेचने का धंधा करते हैं। कुछ लोग लाखों रुपये देकर अनुचित लाभ लेना चाहते हैं, लेकिन इस प्रक्रिया में लाखों ईमानदार छात्रों के अधिकारों पर चोट पहुंचती है। जो छात्र रातों की नींद छोड़कर पढ़ते हैं, जो परिवार कर्ज लेकर कोचिंग की फीस भरते हैं, वे इस भ्रष्ट तंत्र के सबसे बड़े पीड़ित बन जाते हैं। केंद्र सरकार ने सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम 2024 जैसा सख्त कानून लागू किया है। इस कानून में पेपर लीक, ओएमआर शीट में छेड़छाड़, साइबर हैकिंग, संगठित अपराध और परीक्षा एजेंसियों की मिलीभगत जैसे मामलों पर कठोर सजा का प्रावधान कटार प्रावधान है। जेल, भारी जुर्माना, संपत्ति जब्ती और परीक्षा कराने वाली एजेंसियों पर रोक जैसे प्रावधान निश्चित रूप से महत्वपूर्ण हैं। लेकिन केवल कानून बना देना पर्याप्त नहीं है। कानून का डर तभी पैदा होगा, जब जांच तेन, निष्पक्ष और परिणाम तक पहुंचने वाली हो। पेपर लीक मामलों में अक्सर देखा गया है कि शुरुआती कार्रवाई तो तेज होती है, कुछ गिरफ्तारियां भी होती हैं, लेकिन समय बीतने के साथ मामला धीमा पड़ जाता है। छोटे एजेंट पकड़ में आते हैं, लेकिन बड़े चेहरे बच निकलते हैं। यदि इस बार भी ऐसा हुआ, भी ऐसा हुआ, तो छात्रों का भरोसा और कमजोर होगा। जरूरत इस बात की है कि जांच केवल पेपर बेचने वाले दलालों तक सीमित न रहे, बल्कि यह पता लगाया जाए कि प्रश्नपत्र तक पहली पहुंच किसे मिली, सुरक्षा घेरा कहां टूटा, किस स्तर पर लापरवाही या मिलीभगत हुई और किसने कितनी कमाई की। इस मामले में सीबीआई जांच का आदेश निश्चित रूप से गंभीरता का संकेत है, लेकिन जांच का वास्तविक मूल्य उसके परिणाम से तय होगा। यदि मास्टरमाइंड, नेटवर्क, वित्तीय लेन-देन और परीक्षा व्यवस्था में शामिल दोषियों को कठोर सजा मिलती है, तभी यह संदेश जाएगा कि शिक्षा से खिलवाड़ करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। केवल परीक्ष परीक्षा रद्द करना समाधान नहीं है। परीक्षा रद्द होने से ईमानदार छात्रों को दोहरी सजा मिलती है। पहले वे लीक से प्रभावित होते हैं, फिर दोबारा परीक्षा की अनिश्चितता, मानसिक तनाव और आर्थिक बोझ उठाते हैं। यह भी समझना होगा कि पेपर लीक केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं है। यह सामाजिक नैतिकता का भी प्रश्न है। जब कुछ परिवार सफलता के लिए शॉर्टकट खोजते हैं, जब कुछ छात्र मेहनत के स्थान पर खरीदे गए प्रश्नपत्र पर भरोसा करते हैं, जब शिक्षा केंद्र और कोचिंग नेटवर्क के कुछ लोग लालच में अपराध से जुड़ते हैं, तब पूरी व्यवस्था दूषित होती है। नीट जैसी परीक्षाओं में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए कई ठोस कदमों की आवश्यकता है। प्रश्नपत्र निर्माण और वितरण प्रक्रिया को अधिक सुरक्षित बनाया जाना चाहिए। डिजिटल ट्रैकिंग, सौमित मानव हस्तक्षेप, सुरक्षित प्रिंटिंग व्यवस्था, केंद्रों की निगरानी और संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई जैसी व्यवस्थाएं मजबूत करनी होंगी। परीक्षा केंद्रों के चयन, कर्मचारियों की पृष्ठभूमि जांच और संवेदनशील राज्यों या केंद्रों पर विशेष निगरानी भी जरूरी है। तकनीक का इस्तेमाल केवल परीक्षा कराने के लिए नहीं, बल्कि परीक्षा को सुरक्षित रखने के लिए भी होना चाहिए। इस पूरे प्रकरण ने एक बार फिर यह साबित किया है कि भारत की परीक्षा प्रणाली को केवल पैचवर्क सुधारों से नहीं बचाया जा सकता। जरूरत व्यापक सुधार की है। जब तक परीक्षा व्यवस्था को पूर्ण पारदर्शिता, तकनीकी सुरक्षा, जवाबदेही और त्वरित दंड व्यवस्था से नहीं जोड़ा जाएगा, तब तक पेपर लीक की त्रासदी बार-बार लौटती रहेगी। हर बार छात्र सड़कों पर होंगे, परिवार निराश होंगे और एजेंसियां सफाई देती रहेंगी। नीट यूजी 2026 का संकट एक एक चेतावनी है। यह यह चेतावनी सरकार, परीक्षा एजेंसियों, समाज और अभिभावकों सभी के लिए है। शिक्षा व्यवस्था पर भरोसा टूटना किसी भी राष्ट्र के लिए गंभीर संकेत है। यदि युवाओं को लगे कि मेहनत से ज्यादा कीमत पैसे और जालसाजी की है, तो यह केवल परीक्षा प्रणाली की हार नहीं होगी, बल्कि राष्ट्र के भविष्य की हार होगी।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# वैभव सूर्यवंशी को सही दिशा नहीं मिली तो वह टी20 में ही रह जाएगा : एबी डिविलियर्स

एजेंसी, जोहांसबर्ग

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने कहा है कि आईपीएल में धमाकेदार बल्लेबाजी कर रहे वैभव सूर्यवंशी को अगर सही दिशा और मार्गदर्शन नहीं मिला तो वह केवल टी20 क्रिकेटर बनकर ही रह जायेंगे। डिविलियर्स के अनुसार वैभव में काफी क्षमताएं हैं पर आगे बढ़ने के लिए उसे अभी लंबा रास्ता तय करना होगा। वैभव ने इस आईपीएल सत्र में राजस्थान रॉयल्स की ओर से आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 400 से अधिक रन बनाये हैं। डिविलियर्स ने स्वीकार किया कि वैभव में असाधारण प्रतिभा है पर इसके बाद भी उन्हें लगता है कि वह अन्य प्रारुपों विशेषकर टेस्ट क्रिकेट में शायद ही टिक पाये। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता कि वह टिक पाएगा या नहीं। हम जानते हैं कि उसमें प्रतिभा है पर मैं उसे दूसरे प्रारुपों में भी देखना



चाहूंगा। टेस्ट क्रिकेट में, उसे पता नहीं चलता कि आप किस चीज के लिए खेलने वाले हैं। डिविलियर्स का मानना है कि टेस्ट क्रिकेट मानसिक और शारीरिक रूप से बिल्कुल अलग क्षेत्र है, जिसमें सफल होने के लिए एक खिलाड़ी को टी20 वाली मानसिक स्थिति से बाहर आना होता है। अभी 15 साल की उम्र में ही वैभव एक बड़े पोस्टर ब्वॉय बनकर उभरे हैं। इतनी कम उम्र में उन्होंने हर प्रारुप में पेशेवर स्तर पर क्रिकेट खेला है। अपनी लोकप्रियता में वह विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों को भी टक्कर दे रहे हैं। इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ भी यूथ क्रिकेट में उन्होंने शतक लगाया है। इसके अलावा, आईपीएल में, जहां उन्होंने 20 से भी कम मैचों में तीन शतक लगाये हैं। वहीं आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स के लिए 400 से अधिक रन बनाये हैं। डिविलियर्स मानते हैं कि इतनी प्रतिभा होने के बाद भी वैभव के लिए आगे का रास्ता चुनौतियों से भरा होगा। उन्होंने कहा, "अगर वह एकदिवसीय विशेषकर टेस्ट क्रिकेट में खेलना शुरू करता है, तो वह मानसिक और शारीरिक रुप से खेल का एक बिल्कुल अलग क्षेत्र तलाश कर लेगा।" डिविलियर्स का मानना है कि वैभव में अगले दो दशकों तक भारतीय क्रिकेट में एक बड़ी हस्ती बने रहने की क्षमता है, बशर्ते वह सही राह अपनाये।

## नीरज चोपड़ा का रोम डायमंड लीग में खेलना संदिग्ध

एजेंसी, नई दिल्ली

ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा अगले माह रोम में होने वाले डायमंड लीग भाला फेंक टूर्नामेंट में शायद ही खेल पायें। इसका कारण है कि नीरज अब तक अपनी पीठ की चोट से नहीं उबर पाये हैं। इसी कारण 4 जून को इटली में होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए शुरुआती सूची में नीरज का नाम शामिल नहीं है। नीरज अगर नहीं उतरते हैं तो ये प्रशंसकों के लिए निराशाजन होगा। नीरज पिछले साल विश्व चैंपियनशिप से ही फिटनेस से जुड़ी परेशानियों से जूझ रहे थे। इसी



कारण अभी वह तुर्की में रिहैब के दौर से गुजर रहे हैं। अभी उनका लक्ष्य पूरी तरह से फिटनपेस हासिल करना है। वहीं भारत के ही युवा खिलाड़ी सचिन यादव इस टूर्नामेंट से डायमंड लीग में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं। सचिन ने पिछले कुछ समय में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। ऐसे में नीरज के नहीं खेलने पर वह भारत की ओर से चुनौती पेश करेंगे। उन्होंने पिछले कुछ समय में शानदार प्रदर्शन करते हुए 86.27 मीटर का अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया था और एक टूर्नामेंट में चौथा स्थान हासिल किया था। रोम में दुनिया के कुछ शीर्ष एथलीटों के साथ प्रतिस्पर्धा से भी सचिन को लाभ होगा। रोम डायमंड लीग में चेक गणराज्य के याकूब वाडलेज और जर्मनी के जूलियन वेबर शामिल जैसे दिग्गज भी शामिल रहेंगे। इसके अलावा पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स भी अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म को फिर से हासिल करने का प्रयास करेंगे। श्रीलंका के रुमेश थरंगा पथिराज इस सीजन की शुरुआत में 89.37 मीटर का प्रभावशाली थ्रो दर्ज करने के बाद में इस इवेंट में एक बड़े दावेदार के तौर पर उतरेंगे।

## विराट ऑरेंज कैप की दौर में तीसरे नंबर पर भुवनेश्वर पर्पल कैप की दौड़ में नंबर एक पर पहुंचे

एजेंसी, रायपुर

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के बीच हुए मुकाबले के बाद एक बार फिर ऑरेंज और पर्पल कैप दावेदारों में बदलाव आया है। केकेआर के खिलाफ शतकीय पारी खेलकर आरसीबी के विराट कोहली एक बार फिर ऑरेंज कैप की दौड़ में तीसरे नंबर पर पहुंच गये हैं। वहीं पर्पल कैप की दौड़ में भी आरसीबी के ही भुवनेश्वर कुमार शीर्ष पर पहुंच गये हैं। विराट ने केकेआर के खिलाफ नाबाद 105 रनों की तेज पारी खेली। यह कोहली के आईपीएल करियर का



नौवां शतक था, जिसने उन्हें ऑरेंज कैप तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंचा दिया।

वहीं, गेंदबाजी सूची में सनराइजर्स हैदराबाद के अनुभवी गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार 22 विकेटों के साथ शीर्ष पर पहुंच गए हैं, जिससे पर्पल कैप की दौड़ भी तेज हो गई है। विराट के अब इस सत्र की 12 पारियों में अब तक कुल 484 रन हो गये हैं। उन्होंने यह रन 165.75 के प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से बनाए हैं, जो उनकी आक्रामक बल्लेबाजी का दिखाते है। इस पारी ने उन्हें सीजन में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में तीसरा स्थान दिलाया है, जिससे ऑरेंज कैप जीतने की उनकी उम्मीदें और बढ़ गई हैं।

## सुपर जायंट्स को हराकर प्लेऑफ के लिए अपनी संभावनाएं बनाये रखने उतरेगी सीएसके

**एजेंसी, लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम शुक्रवार को अपने घरेलू मैदान पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का मुकाबला करेगी। सुपर जायंट्स की टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है। ऐसे में उसका प्रयास इस मैच में जीत के साथ ही अपने सत्र का समापन करना रहेगा। दूसरी ओर सीएसके के लिए ये मैच बेहद अहम है। उसे अपने प्लेऑफ की उम्मीदें बनाये रखने ये मैच हर हाल में जीतना होगा। सीएसके के अभी 11 मैचों में 12 अंक लेकर 5वें स्थान पर है और उसे प्लेऑफ के लिए अपने सभी बचे हुए मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे। आंकड़ों पर नजर डालें तो दोनो ही टीमों के बीच अब तक 7 मुकाबले हुए हैं। इसमें से तीन सुपर जायंट्स ने जबकि इतने ही सीएसके ने जीते हैं। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की सीएसके के पास संजू सैमसन, डेवाल्ड ब्रेविस जैसे बल्लेबाज हैं। सैमसन ने अब तक इस सत्र में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है और सीएसक को उनसे बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी। टीम के पास गेंदबाजी में अंशुल कंबोज के अलावा नूर अहमद जैसे स्पिनर है। टीम को जीत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। इस सत्र में अब तक के प्रदर्शन को देखा जाये तो सीएसके जीत की प्रबल दावेदार नजर आती है।

## फीफा विश्व कप के मेगा हाफटाइम शो में नजर आयेंगी मैडोना, बीटीएस और शकीरा

### उद्घाटन समारोह में कार्यक्रम पेश करेगी नोरा फतेही

एजेंसी, लॉस एंजेलिस

फीफा वर्ल्ड कप 2026 के मेगा हाफटाइम शो में इस बार पॉप सिंगर मैडोना, पॉप स्टार शकीरा के अलावा दक्षिण कोरिया की बीटीएस भी कार्यक्रम पेश करेगी जबकि उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही कार्यक्रम पेश करेंगी। इस प्रकार ये विश्वकप दुनिया भर के फुटबॉल प्रेमियों के लिए एक यादगार अनुभव साबित होगा। अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की संयुक्त मेजबानी में होने वाले इस विश्वकप



में अमेरिकी सुपर बाउल की तरह ही एक मेगा हाफटाइम शो का आयोजन भी किया जाएगा। फीफा ने हाल ही में एक टीजर वीडियो जारी कर इस मेगा इवेंट की घोषणा की है। इस वीडियो में मशहूर संगीतकार क्रिस मार्टिन और लोकप्रिय कार्टून कैरेक्टर एल्मो के साथ मपेट शो के कई किरदार भी दिखे। जिन्होंने मैडोना, बीटीएस और शकीरा जैसे ग्लोबल आइकॉन के नामों की घोषणा की। इसके बाद से ही सोशल मीडिया में प्रशंसकों में उत्साह है। इस हाफटाइम शो से होने वाली संपूर्ण कमाई फीफा ग्लोबल सिटिजन एजुकेशन फंड को दान की जाएगी। इस नेक पहल का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर के जरूरतमंद बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और फुटबॉल की बेहतर सुविधाएं पहुंचाना है। इस फंड के माध्यम से लगभग 100 मिलियन डॉलर जुटाने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि लाखों बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाया जा सके।

# बिजनेस

## अडाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स और आईएचजी होटल्स एंड रिसॉर्ट्स ने 5 होटलों के लिए किया समझौता

एजेंसी, नई दिल्ली

अडाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) और आईएचजी होटल्स एंड रिसॉर्ट्स ने गुरुवार को पांच होटलों के लिए समझौता किया है। इस साझेदारी से आईएचजी का लक्जरी लाइफ स्टाइल ब्रांड 'किम्पटन होटल्स एंड रेस्टोरेंट्स' भी भारतीय बाजार में कदम रखेगा।

अदानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड ने एक बयान में बताया कि एएएचएल और आईएचजी होटल्स एंड रिसॉर्ट्स ने पांच होटलों के पोर्टफोलियो के लिए समझौता किया है। इस समझौते के तहत भारत के प्रमुख हवाई अड्डों और कमर्शियल जगहों पर लगभग 1,500 कमरे जोड़े जाएंगे। इसके जरिए आईएचजी का लक्जरी लाइफ स्टाइल बुटीक ब्रांड 'किम्पटन होटल्स एंड रेस्टोरेंट्स' भी भारतीय बाजार में कदम रखेगा।

एएएचएल के मुताबिक एयरपोर्ट से जुड़े हॉस्पिटैलिटी और मिश्रित उपयोग विकास परियोजनाओं के




तहत, जयपुर, मंगलुरु, तिरुवनंतपुरम और मुंबई मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में इन होटलों का विकास किया जाएगा। कंपनी ने बयान में बताया कि इस पोर्टफ़ोलियो में जयपुर का किम्पटन होटल शामिल होगा, साथ ही अडाणी द्वारा संचालित हवाई अड्डों से जुड़ी आगामी एयरपोर्ट सिटी परियोजनाओं में हॉलिडे इन और हॉलिडे इन एक्सप्रेस की प्रॉपर्टीज़ भी शामिल होंगी। एएएचएल ने कहा कि यह समझौता "भारत के एविएशन और टूरिज़्म सेक्टर में ज़बरदस्त ग्रोथ के बीच हुआ है, जहां एयरपोर्ट के आसपास होने वाले डेवलपमेंट तेजी से बड़े हॉस्पिटैलिटी और कमर्शियल हब के तौर पर उभर रहे हैं। इसकी मुख्य वजह यात्रियों की बढ़ती संख्या, घरेलू टूरिज़्म और बिज़नेस ट्रैवल की बढ़ती मांग है।" एएएचएल ने कहा कि वह अपनी उस रणनीति के तहत प्रमुख शहरों में लगभग 663 एकड़ में फैले एयरपोर्ट सिटी प्रोजेक्ट्स विकसित कर रहा है, जिसका उद्देश्य एविएशन, हॉस्पिटैलिटी, रिटेल और कमर्शियल इंफ्रास्ट्रक्चर को मिलाकर एकीकृत शहरी इकोसिस्टम बनाना है। अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के डायरेक्टर प्रणव अडाणी ने कहा कि इस पार्टनरशिप का मकसद भारत के बढ़ते एविएशन नेटवर्क के आसपास इंटीग्रेटेड ट्रैवल और हॉस्पिटैलिटी डेस्टिनेशन बनाना है। उन्होंने कहा, "जैसे-जैसे अडाणी ग्रुप हॉस्पिटैलिटी और एयरपोर्ट-आधारित शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अपना विस्तार कर रहा है, हमारा विज़न ऐसे विश्वस्तरीय डेस्टिनेशन बनाना है, जो भारत के तेजी से बढ़ते एविएशन इकोसिस्टम के साथ यात्रा, रहने और शहरी अनुभवों को सहजता से जोड़ सकें।"

वहीं, आईएचजी होटल्स एंड रिसॉर्ट्स के दक्षिण-पश्चिम एशिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सुदीप जैन ने कहा कि यह पार्टनरशिप भारत के हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में बढ़ रहे मौकों को दिखाती है, खासकर एयरपोर्ट से जुड़े डेवलपमेंट के मामले में। उन्होंने कहा, "अडाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स के साथ यह पार्टनरशिप उन बड़े मौकों को दिखाती है, जो हम भारत के हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में लगातार देख रहे हैं, खासकर बड़े शहरों और एयरपोर्ट से जुड़े डेवलपमेंट में, जहां बिजनेस, घूमने-फिरने और ट्रांज़िट यात्रियों, सभी की तरफ से ज़बरदस्त मांग देखने को मिल रही है।"

## ईंधन की कीमतों में तेज उछाल से थोक महंगाई दर अप्रैल में 8.3 फीसदी पर

एजेंसी, नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच खुदरा महंगाई के बाद थोक महंगाई दर में भी इजाफा हुआ है। ईंधन, बिजली और कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल के कारण अप्रैल में थोक महंगाई दर बढ़कर 8.30 फीसदी हो गई है, जो मार्च में 3.88 फीसदी थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को आंकड़ों में बताया कि ईंधन और बिजली श्रेणी में महंगाई दर अप्रैल में 24.71 फीसदी हो गई, जो मार्च में 1.05 फीसदी थी। इसके साथ ही कच्चे तेल की महंगाई दर अप्रैल में 88.06 फीसदी रही, जबकि मार्च में यह 51.5 फीसदी थी। आंकड़ों के अनुसार खाद्य वस्तुओं में महंगाई दर अप्रैल में 1.98 फीसदी रही, जो मार्च में 1.90 फीसदी थी। गैर-खाद्य वस्तुओं में महंगाई दर बढ़कर अप्रैल में 12.18 फीसदी हो गई, जो पिछले महीने मार्च में 11.5 फीसदी थी। मंत्रालय ने कहा कि अप्रैल 2026 में मुद्रास्फीति खनिज तेल, कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस, मूल धातु, अन्य विनिर्माण और



गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण अधिक रही है। ईंधन और बिजली श्रेणी में एलपीजी में महंगाई दर अप्रैल में 10.92 फीसदी रही। हालांकि, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में 50 फीसदी की वृद्धि के बावजूद केंद्र सरकार ने अब तक पेट्रोल और घरेलू रसोई गैस की कीमतों को स्थिर रखा है, ताकि उपभोक्ताओं को कीमतों में बढ़ोतरी के असर से बचाया जा सके। हालांकि, वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि की गई है।

## हरे निशान पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 140 अंक उछला

एजेंसी, नई दिल्ली

हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार हरे निशान पर खुला। पिछले कुछ दिनों से बिकवाली का दबाव झेल रहे बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक बढ़त के साथ कारोबार करते दिख रहे हैं। सेंसेक्स में 140 अंक और निफ्टी में 81 अंकों की तेजी है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज बीएसई का सेंसेक्स 139.91 अंक यानी 0.19 फीसदी की उछला के साथ 74,748.88 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है।

वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 88.90 अंक यानी 0.38 फीसदी की बढ़त



के साथ 23,501.50 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। शेयर बाजार में आज ऑटो, मेटल, बैंकिंग और फार्मा शेयर्स में ज्यादा खरीदारी है। बाजार में यह सकारात्मक शुरुआत पिछले सत्र में हुई मामूली रिकवरी के बाद हुई है, जिसमें शेयर बाजार गिरावट के सिलसिले को रोकने में कामयाब रहा था। इसके अलावा रुपया शुरुआती कारोबार में 20 पैसे टूटकर सर्वकालिक निचले स्तर 95.86 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। उल्लेखनीय है कि कल शेयर बाजार में बढ़त रही। सेंसेक्स 50 अंक की तेजी के साथ 74,609 पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी 33 अंक की तेजी के साथ 23,413 के स्तर पर बंद हुआ था।

## इंडस्ट्री से दोगुनी रफ्तार से बढ़ी श्रीराम जनरल इंश्योरेंस

**एजेंसी, जयपुर ।** निजी क्षेत्र की अग्रणी बीमा कंपनी श्रीराम जनरल इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में शानदार प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी का ग्रॉस डायरेक्ट प्रीमियम (जीडीपी) जनवरी-मार्च 2026 तिमाही में 21 फीसदी बढ़कर 1332 करोड़ रुपये पहुंच गया, जबकि पिछले वर्ष समान अवधि में यह 1099 करोड़ रुपये था। यह वृद्धि उद्योग की औसत 11 फीसदी ग्रोथ से काफी अधिक रही। कंपनी की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी 24 फीसदी बढ़कर 4636 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 3753 करोड़ रुपये था। उद्योग की 9 फीसदी वृद्धि की तुलना में कंपनी की ग्रोथ करीब ढाई गुना रही। शुद्ध मुनाफे में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई। चौथी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 28 फीसदी बढ़कर 167 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष समान अवधि में 130 करोड़ रुपये था। वहीं पूरे वित्त वर्ष का कुल शुद्ध लाभ 17 फीसदी बढ़कर 601 करोड़ रुपये पहुंच गया। कंपनी बोर्ड ने 53 फीसदी अंतिम लाभांश को मंजूरी दी है, जिससे कुल लाभांश भुगतान 162 फीसदी हो गया है। कंपनी का मोटर इंश्योरेंस पोर्टफोलियो ग्रोथ का मुख्य आधार बना रहा। चौथी तिमाही में मोटर सेगमेंट में 21.48 फीसदी वृद्धि दर्ज की गई।

## केंद्र ने चीनी के निर्यात पर 30 सितंबर तक रोक लगाई

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने घरेलू बाजार में कीमतों पर नियंत्रण रखने के लिए कच्ची, सफेद और रिफाइंड चीनी के निर्यात पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। यह प्रतिबंध सितंबर तक लागू रहेगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 13 मई को देररात इस आशय की अधिसूचना जारी की। अधिसूचना के अनुसार, चीनी निर्यात नीति में बदलाव किया है। सरकार ने आईटीसी (एचएस) कोड 1701 14 90 और 1701 99 90 के तहत चीनी के लिए एक्सपोर्ट नीति को प्रतिबंधित से बदलकर निषिद्ध कर दिया है। इस आदेश में कच्ची चीनी,



सफेद चीनी और रिफाइंड चीनी के एक्सपोर्ट को शामिल किया गया है। ये रोक यूरोपीय संघ और अमेरिका को सीएक्सएल और टीआरक्यू कोटे के तहत, एडवांस ऑथराइजेशन स्कीम (एएएस)के तहत, और अन्य देशों की खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए दोनों सरकारों के शिपमेंट के जरिए किए जाने वाले चीनी निर्यात पर लागू नहीं होगी। यही नहीं, जो खेप पहले से ही निर्यात की प्रक्रिया में हैं, उसे भी इस रोक से छूट दी गई है। अधिसूचना के मुताबिक अगर इसे सितंबर से आगे नहीं बढ़ाया जाता है, तो एक्सपोर्ट नीति वापस प्रतिबंधित श्रेणी में आ जाएगी। उल्लेखनीय है कि केंद्र ने पहले मिलों को 1.59 मिलियन टन चीनी निर्यात की अनुमति दी थी। उत्पादन लगातार दूसरे वर्ष खपत से कम रहने की उम्मीद है। प्रमुख गन्ना उत्पादक क्षेत्रों में गन्ने की पैदावार कमजोर हुई है। भारत, ब्राजील के बाद दुनिया का सबसे बड़ा चीनी निर्यातक है।

# सिस्टम में न्याय के लिए एकजुट होंगी सोनाक्षी सिन्हा और ज्योतिका

## फिल्म 22 मई को ओटीटी पर देगी दस्तक





आ आज के समय में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर ऐसी फिल्मों की मांग बढ़ गई है, जो समाज के असली मुद्दों को दिखाती हों। इसी कड़ी में अब एक नई फिल्म सिस्टम सामने आने वाली है, जो कानून, न्याय और सत्ता के बीच चलने वाली खींचतान को दिखाएगी। यह फिल्म एक ऐसी कहानी लेकर आ रही है, जिसमें दो अलग-अलग दुनिया की महिलाएं एक साथ आकर सच को सामने लाने की कोशिश करती हैं। फिल्म सिस्टम 22 मई 2026 को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। यह एक लीगल ड्रामा फिल्म है, जिसमें दिखाया जाएगा कि कैसे एक ताकतवर सरकारी वकील और एक साधारण स्टेनोग्राफर मिलकर उन सच्चाइयों को सामने लाने की कोशिश करते हैं, जिन्हें लंबे समय से दबाया गया है। कहानी में कई ऐसे मोड़ आते हैं, जहां उन्हें यह तय करना पड़ता है कि वे सत्ता का साथ दें या सही का। इस फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा ने नेहा राजवंश नाम की पब्लिक प्रॉसिक्यूटर का किरदार निभाया है, जो अपने काम में बहुत मजबूत और आत्मविश्वासी है। वहीं ज्योतिका सरिका रावत के रोल में नजर आएंगी, जो एक साधारण परिवार से आने वाली कोर्ट स्टेनोग्राफर है। दोनों की सोच, परवरिश और जिंदगी बिल्कुल अलग है, लेकिन जब बात न्याय की आती है तो वे एक साथ खड़ी होती हैं। फिल्म में इन दोनों का रिश्ता धीरे-धीरे मजबूत होता हुआ दिखाया जाएगा। फिल्म के प्रोड्यूसर हरमन बावेजा ने कहा, सिस्टम दो ऐसी महिलाओं की कहानी है, जो अपने-अपने तरीके से न्याय को समझती हैं और उसे पाने के लिए संघर्ष करती हैं। सोनाक्षी सिन्हा, ज्योतिका और आशुतोष गोवारिकर जैसे कलाकारों ने अपने अभिनय से इस कहानी को और भी प्रभावशाली बना दिया है। फिल्म का निर्देशन अश्विनी अय्यर तिवारी ने किया है। फिल्म में प्रीति अग्रवाल, आदिनाथ कोठारे, आश्रिया मिश्रा, गौरव पांडे और सयानदीप गुप्ता भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। वहीं प्राइम वीडियो और अमेजन एमजीएम स्टूडियोज इंडिया में ओरिजिनल कंटेंट के प्रमुख निखिल मधोक ने भी फिल्म को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, सिस्टम एक ऐसी कहानी है, जो दर्शकों को शुरुआत से अंत तक बांधे रखेगी। इसमें महत्वाकांक्षा, न्याय और नैतिकता जैसे विषयों को बहुत ही दिलचस्प तरीके से दिखाया गया है। मेरा मानना है कि यह फिल्म हर मोड़ पर दर्शकों को चौंकाएगी और उन्हें सोचने पर मजबूर करेगी। सिस्टम 22 मई को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

# मातृत्व अनुभव को सांझा करते हुए रोने लगी कियारा आडवाणी



अ अपनी बेटी सारायाह के साथ बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी पहले मदर्स डे का जश्न मना रही हैं। कियारा ने पिछले साल 15 जुलाई को बेटी का स्वागत किया था। हाल ही में कियारा अपने मातृत्व अनुभव और पोस्टपार्टम के बाद के दौर पर खुलकर बात करने के लिए सुर्खियों में हैं। उन्होंने एक पॉडकास्ट में शिरकत की, जहाँ उन्होंने मां बनने के बाद एक महिला के जीवन में आने वाले गहरे बदलावों को साझा किया। कियारा ने बताया कि ये बदलाव केवल शारीरिक ही नहीं, बल्कि भावनात्मक और मानसिक स्तर पर भी होते हैं, जो एक महिला के पूरे अस्तित्व को नया आयाम देते हैं। यह मां बनने के बाद कियारा का पहला पॉडकास्ट था, जिसमें उन्होंने अपनी मदरहुड यात्रा के बारे में विस्तार से बताया। इस पॉडकास्ट की एक क्लिप तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें कियारा इंटरव्यू के दौरान भावुक होकर रोने लगती हैं। अभिनेत्री ने कहा कि मां बनने के बाद उनकी जिंदगी पूरी तरह बदल गई है। उन्होंने मातृत्व को एक ऐसा अनुभव बताया जिसने उनकी सोच, भावनाओं और पहचान तक को नया आयाम दिया है। कियारा के अनुसार, यह सिर्फ एक भूमिका नहीं, बल्कि स्वयं को नए सिरे से परिभाषित करने का सफर है। अपने पोस्टपार्टम दौर को याद करते हुए, कियारा ने बताया, 'मां बनने के बाद जिंदगी बिल्कुल एक नई दुनिया जैसी हो जाती है।' उन्होंने साझा किया कि बेटी के जन्म के करीब छह महीने बाद उन्होंने पहली बार खुद के इमोशंस और मानसिक स्थिति पर गंभीरता से ध्यान देना शुरू किया। कियारा ने स्वीकार किया कि वह अपनी जिंदगी में हमेशा दूसरों को प्राथमिकता देती आई थीं, लेकिन मातृत्व ने उन्हें खुद से फिर से जुड़ने और अपनी भावनाओं को गहराई से समझने का महत्वपूर्ण अवसर दिया है। यह उनके लिए आत्म-खोज और व्यक्तिगत विकास का एक अनमोल समय साबित हुआ है। इस मुश्किल और भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण समय में, अभिनेत्री ने अपने पति सिद्धार्थ मल्होत्रा की अटूट मदद और समर्थन की भी सराहना की। कियारा ने बताया कि सिद्धार्थ अपनी व्यस्त दिनचर्या के बावजूद देर रात उनसे मिलने पहुंच जाते थे। बेटी के जन्म के बाद, वह अक्सर छोटी-छोटी बातों पर भावुक हो जाती थीं, तब सिद्धार्थ उन्हें हर रात ड्राइव पर ले जाते थे ताकि उनका मन हल्का हो सके। उन्होंने यह भी बताया कि जब सिद्धार्थ अपनी फिल्मों के प्रमोशन में व्यस्त थे, तब कियारा का मन उनसे दूर नहीं लग रहा था।

# एक्टर को खाने से मना किया तो निर्माता पर भड़क उठे अक्षय खन्ना



बॉ बॉलीवुड के सबसे गंभीर और खामोश मिजाज अभिनेताओं में शुमार अक्षय खन्ना इन दिनों अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म धुरंधर की सफलता का आनंद ले रहे हैं। दिग्गज अभिनेता अमित बहल ने एक साक्षात्कार में अक्षय खन्ना से जुड़ा एक बेहद भावुक और प्रेरक किस्सा साझा किया। बहल के मुताबिक, एक फिल्म की शूटिंग के दौरान उनके साथ काम कर रहे एक चरित्र अभिनेता लंच के लिए उस होटल में आए थे जहाँ अक्षय रुके हुए थे। वह कलाकार किसी अन्य होटल में ठहरे थे। जैसे ही उन्होंने भोजन का पहला निवाला उठाना चाहा, प्रोडक्शन टीम के एक सदस्य ने उन्हें यह कहते हुए रोक दिया कि जो कलाकार इस होटल में नहीं रुका है, वह यहाँ का खाना नहीं खा सकता। बताया जाता है कि यह आपत्ति निर्माता की पत्नी या किसी करीबी रिश्तेदार की ओर से आई थी। अपमानित महसूस कर रहे उस कलाकार ने चुपचाप अपनी प्लेट रख दी और किनारे जाकर बैठ गए। अक्षय खन्ना दूर खड़े यह सब देख रहे थे। आमतौर पर सेट पर अपने काम से काम रखने वाले और बेहद शांत रहने वाले अक्षय का गुस्सा उस दिन ज्वालामुखी की तरह फूट पड़ा। वे तुरंत बीच-बचाव में आए और पूरी यूनिट के सामने भूख और इंसानियत पर एक ऐसी बात कही जिसे सुनकर सबकी बोलती बंद हो गई। अमित बहल ने बताया कि अक्षय उस दिन भारी गुस्से में थे। उन्होंने निर्माता और क्रू मेंबर्स को आड़े हाथों लेते हुए खरी-खोटी सुनाई। अक्षय ने गरजते हुए कहा कि कोई भी फिल्म इस बात से सफल नहीं होती कि आपने कितनी प्लेटें बचाईं या राशन का कितना हिसाब रखा, बल्कि फिल्म लोगों के आशीर्वाद और दुआओं से बनती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भूख का अपमान करने वाले लोग कभी सफल नहीं हो सकते। अक्षय का यह निर्भीक और मानवीय पक्ष देखकर सेट पर मौजूद हर शख्स हैरान था। यह वाकया साबित करता है कि पर्दे पर नकारात्मक भूमिकाएं निभाने वाला यह कलाकार असल जिंदगी में सिद्धांतों और नैतिकता से कभी समझौता नहीं करता। बता दें कि फिल्म धुरंधर में रहमान डकैत के खूंखार विलेन के रूप में अक्षय खन्ना की अदाकारी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। लेकिन अभिनय की बारीकियों के अलावा अक्षय अपनी उस इंसानियत के लिए भी जाने जाते हैं, जिसकी झलक ग्लैमर की दुनिया में कम ही देखने को मिलती है। हाल ही में उनके एक पुराने सहयोगी ने अक्षय खन्ना के उस रूप का खुलासा किया है, जब उन्होंने एक साथी कलाकार के सम्मान के लिए पूरी प्रोडक्शन टीम और निर्माता की क्लास लगा दी थी।

## मनी हाइस्ट फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी,

# निर्माताओं ने वीडियो जारी कर किया धमाकेदार ऐलान



म मनी हाइस्ट के चाहने वालों के लिए बड़ी खुशखबरी है। दरअसल, नेटफ्लिक्स ने साफ कर दिया है कि ये सुपरहिट शो अभी खत्म नहीं हुआ है। हाल ही में एक छोटा सा वीडियो (टीजर) जारी किया गया है, जिससे पता चलता है कि इस कहानी का अगला हिस्सा जल्द आने वाला है यानी प्रोफेसर और उनकी टीम एक बार फिर नए मिशन के साथ वापसी करने के लिए तैयार है।

हालांकि, ये साफ नहीं है कि कहानी सीजन 6 के रूप में आगे बढ़ेगी या किसी खास किरदार पर नई सीरीज आएगी। ये खबर इसलिए भी चर्चा में है, क्योंकि 15 मई को ही बर्लिन सीरीज का दूसरा सीजन रिलीज होने वाला है। नेटफ्लिक्स ने अचानक यूट्यूब पर एक वीडियो शेयर कर फैंस को हैरान कर दिया है। मनी हाइस्ट का आखिरी सीजन साल 2021 में आया था, जिसके बाद से फैंस इसके लौटने का इंतजार कर रहे हैं। वीडियो की शुरुआत एक मैसेज से होती है, ये सब पैसों से शुरू हुआ और फिर सोने और खजानों तक जा पहुंचा। साथ ही इशारा है कि ये क्रांति अभी रुकी नहीं और अगला हिस्सा तैयार किया जा रहा है। डिस्क्रिप्शन में निर्माताओं ने बताया कि कुछ कहानियां एक सटीक हमले से शुरू होती हैं, लेकिन इस सीरीज ने सब बदल दिया। मनी हाइस्ट की कहानी नकद डकैती से शुरू होकर बैंक ऑफ स्पेन से सोना निकालने तक पहुंचती है। एलेक्स पिना की बनाई मनी हाइस्ट की शुरुआत 2017 में स्पेनिश नेटवर्क से हुई थी, बाद में इसे नेटफ्लिक्स पर लाया गया। इस शो की कामयाबी को देखते हुए 2018 से 2021 तक इसके एक के बाद एक 5 सीजन रिलीज किए गए। इसी सीरीज ने दुनिया को प्रोफेसर के रूप में अल्वारो मोर्टे जैसे कलाकार से मिलवाया। भारत में भी मनी हाइस्ट को लेकर जबरदस्त दीवानगी है। यहां प्रोफेसर का किरदार और बेला चाओ गाना काफी लोकप्रिय है।

# गाजर के शौकीन हैं? जानिए इससे बनाए जाने वाले व्यंजनों की रेसिपी



गा गाजर एक पौष्टिक और स्वादिष्ट सब्जी है। यह न केवल सलाद में अच्छी लगती है, बल्कि इससे कई तरह के स्वादिष्ट व्यंजन भी बनाए जा सकते हैं। गाजर में विटामिन-ए, विटामिन-सी और फाइबर भरपूर मात्रा में होते हैं, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद हैं। आइए आज हम आपको गाजर से बनाए जाने वाले कुछ ऐसे व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं, जो आपके खाने के स्वाद को बढ़ा देंगे और आपके मेहमान भी इसकी तारीफ करेंगे। गाजर का हलवा एक पारंपरिक भारतीय मिठाई है, जिसे खास मौकों पर बनाया जाता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले गाजरों को कदूकस करें और फिर उन्हें दूध में उबालें। दूध जब गाढ़ा हो जाए तो उसमें चीनी, घी, काजू और किशमिश डालकर पकाएं। अंत में इसमें इलायची पाउडर डालें और गर्मागर्म परोसें। यह मिठाई न केवल स्वादिष्ट है बल्कि इसमें मौजूद पोषक तत्व भी आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। गाजर का रायता एक ताजगी भरा व्यंजन है, जिसे आप किसी भी मुख्य भोजन के साथ परोस सकते हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले दही को अच्छे से फेंट लें और उसमें कदूकस की हुई गाजर मिलाएं। इसके बाद इसमें भुना जीरा पाउडर, नमक और थोड़ा सा लाल मिर्च पाउडर डालकर अच्छे से मिलाएं। यह रायता न केवल खाने को स्वादिष्ट बनाता है बल्कि पाचन क्रिया को भी सुधारता है। गाजर की सब्जी एक सरल और पौष्टिक व्यंजन है, जिसे आप रोजाना बना सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले प्याज, टमाटर और अदरक-लहसुन का पेस्ट भूनें, फिर इसमें हल्दी, धनिया पाउडर और गरम मसाला मिलाएं। अब इसमें कटी हुई गाजर डालकर धीमी आंच पर पकाएं जब तक वे नरम न हो जाएं। अंत में हरी मिर्च और धनिया पत्ती डालकर गर्मागर्म परोसें। यह सब्जी न केवल स्वादिष्ट है बल्कि आपके स्वास्थ्य के लिए भी बहुत फायदेमंद है। गाजर का अचार एक अनोखा और स्वादिष्ट अचार है, जिसे आप लंबे समय तक रख सकते हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले गाजरों को लंबाई में काट लें और धूप में सुखा लें। अब सरसों तेल गर्म करके उसमें मेथी दाना, सौंफ दाना, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर मिलाएं। इसके बाद सूखी हुई गाजरें डालकर अच्छे से मिलाएं और बोतल में भर दें। यह अचार आपके खाने को अलग ही स्वाद दे सकता है। गाजर की खीर एक मीठा व्यंजन है, जिसे आप किसी भी खास मौके पर बना सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले दूध को उबालें और उसमें कदूकस की हुई गाजर डालें। धीमी आंच पर पकने दें जब तक कि गाजर नरम न हो जाएं। अब इसमें चीनी डालें और अच्छे से मिलाएं। अंत में इलायची पाउडर डालें और ठंडा होने पर परोसें। यह खीर स्वादिष्ट होने के साथ-साथ पौष्टिक भी है।

# From Russia to Iran: Who's arriving in New Delhi for the high-stakes BRICS meet?

**New Delhi, Agency:** Foreign ministers and senior diplomats from BRICS nations began assembling in New Delhi for the two-day BRICS Foreign Ministers' Meeting, being hosted under India's 2026 chairship, on Thursday.

External Affairs Minister S. Jaishankar will chair the meeting, which has drawn participation from nearly all member countries of the expanded BRICS grouping amid heightened geopolitical tensions in West Asia. Russian Foreign Minister Sergey Lavrov, Iranian Foreign Minister Seyed Abbas Araghchi, Brazilian Foreign Minister Mauro Vieira, and Egyptian Foreign Minister Badr Abdelatty are among the key leaders attending the meeting. China is being represented by its Ambassador to India, Xu Feihong, as Foreign Minister Wang Yi is unable to attend due to prior commitments.




While official confirmations from some capitals are still awaited, delegations from South Africa, Ethiopia, Indonesia, and the United Arab Emirates have also arrived for the ministerial engagement.

Among partner countries invited for outreach sessions, Kazakhstan is being represented by First Deputy Foreign Minister Yerzhan Ashikbayev, while Nigeria has sent Permanent Secretary at its Ministry of Foreign Affairs, Dunoma Umar Ahmed.

# Spend wisely, PM Modi asks colleagues, downsizes convoy

**New Delhi, Agency:** After calling upon citizens to save fuel and undertake steps to cut the import bill, Prime Minister Narendra Modi on Wednesday reduced the strength of his own official convoy to two vehicles and asked Cabinet colleagues also to spend wisely.

After the PM, Home Minister Amit Shah, Defence Minister Rajnath Singh and other senior ministers opted for leaner convoys, while Chief Ministers of BJP-ruled states announced measures to ensure optimum utilisation of available resources, including fuel. Top government sources, meanwhile, said PM's appeal was not about austerity. "Prime Minister Modi's recent appeal to conserve fuel, adopt work-from-home where possible and reduce avoidable foreign-exchange outflows are not austerity measures. That phrase is misleading as the government is not implementing austerity measures which has negative economic connotations," said a top official. The officials said the word "austerity" usually suggests budget cuts, reduced government spending, lower subsidies and fiscal tightening. "The government is not cutting capital expenditure, welfare spending, or subsidies," sources clarified. As for the PM's convoy, it was reduced during his recent visits to Gujarat and Assam - states he visited after making the public appeal to citizens in Hyderabad.



The PM has also instructed inclusion of electric vehicles, where possible, in his entourage within the available purchase structure. New purchases have been barred, officials said. Several BJP and NDA-ruled states announces fuel cut measures. These included UP, Maharashtra, Assam, Madhya Pradesh, Delhi, Maharashtra, Bihar and Andhra Pradesh.

Meanwhile, Uttar Pradesh CM Yogi Adityanath has directed an immediate 50 per cent reduction in the fleet of official vehicles meant for the CM and ministers. Yogi has also asked large institutions to implement two days a week work from home. Fifty per cent of official meetings in the state will be conducted virtually and emphasis will be placed on car pools and public transport, as advised by the PM.



# 12th India-bound ship crosses Hormuz, one more on way

**New Delhi, Agency:** Another India-bound LPG tanker crossed the Strait of Hormuz on Wednesday evening, taking the total number to 12 while one more was crossing the conflict-hit strait, officials said. The ship that has crossed the Strait has been identified as Symi, a Marshall Islands-flagged vessel, carrying LPG. This is the 11th LPG tanker to transit the Strait and the remaining one was a crude oil tanker. Media has learnt that Vietnam-flagged NV Sunshine, which was crossing the Strait on Wednesday night, is also carrying LPG. Officials said the vessel is likely to exit the conflict-hit strait early Thursday morning. Marinetraffic shows New Mangaluru Port as the destinatoon of this ship loaded with around 46,000 tonnes cooking gas. It has 24 crew members, all Vietnamese. These are part of the list of 41 vessels that the shipping ministry had prepared for priority evacuation from the Persian Gulf. People aware of the movement of these ships said that the vessels are receiving comprehensive support from multiple agencies, including the Indian Navy.

# ECL Wins Calcutta High Court Case on HRA Rules for Coal Workers

DB Reporter

**Sanctoria:** Eastern Coalfields Limited (ECL) has secured a major legal victory after the Calcutta High Court set aside an earlier labour tribunal award related to House Rent Allowance (HRA) for employees working within the Asansol Municipal Corporation area. The judgment was delivered on May 11, 2026, in the case titled Eastern Coalfields Ltd. vs Union of India & Another (WPA 8870 of 2024). The court overturned the April 26, 2023 order passed by the Central Government Industrial Tribunal-cum-Labour Court, Asansol. The High Court ruled that HRA provisions for coal industry employees ar governed strictly by the National Coal Wage Agreements (NCWA) and implementation instructions framed under the Joint Bipartite Committee for Coal Industry (JBCCI).

# Bengal CM Suvendu Adhikari retains Bhabanipur, the seat where he defeated Mamata, over Nandigram

**New Delhi, Agency:** West Bengal chief minister Suvendu Adhikari on Wednesday decided to retain the Bhabanipur seat and vacate Nandigram after winning from both constituencies in the recently concluded West Bengal assembly elections. Suvendu had contested from his stronghold Nandigram as well as Bhabanipur, the constituency long considered a bastion of former chief minister Mamata Banerjee.

"I cannot take oath as an MLA from two assembly constituencies. I have taken oath as the MLA from



Bhabanipur. I will have to leave the Nandigram Assembly constituency," the West Bengal chief minister said. "With the blessings of the people and under the leadership of PM Modi, we have entered inside the legislative assembly. The budget will be presented here. 143 MLAs will take oath here today. The new Speaker will be elected tomorrow," he added. Suvendu secured a high-profile victory from Bhabanipur, a seat closely associated with Trinamool Congress supremo Mamata. The giantslayer had earlier defeated Mamata Banerjee in Nandigram in the 2021 assembly election after quitting the TMC and joining the Bharatiya Janata Party.

This time, Suvendu directly challenged Mamata once again by contesting from Bhabanipur, turning the constituency into one of the biggest political battlegrounds of the election.

# Seaplane trials between Kochi Lakshadweep held successfully

**New Delhi, Agency:** Trial seaplane operations connecting Lakshadweep with Kochi began on Wednesday, marking a major push towards faster island connectivity, tourism expansion and emergency transport services in the union territory. The operations were carried out by Cochin International Airport Limited (CIAL) using a DHC6-400 Twin Otter seaplane aircraft as part of an ongoing operational assessment programme across the Lakshadweep islands.

According to CIAL, three trial operations were successfully completed during the day. The schedule included a Kochi-



Agatti flight, a local training sortie at the Agatti water aerodrome and a return flight from Agatti to Kochi. The first flight departed Kochi at 9.30 am and landed at Agatti at 11.30 am.

# Motihari Police Bust Cross-Border Arms network



Sagar Suraj

**MOTIHARI** : In a significant breakthrough along the sensitive Indo-Nepal border belt, the Bihar Police has uncovered an alleged interstate arms smuggling module operating in East Champaran district. Acting on specific intelligence inputs, a joint team led by the Dhaka police carried out a raid that resulted in the seizure of two pistols, a country-made firearm, two magazines and five live cartridges, according to an official statement issued by the office of the Superintendent of Police, Motihari. Two women were arrested during the operation, while efforts are underway to trace and apprehend other members of the network believed to have links across the border region. The operation assumes significance given the strategic and security sensitivity of the Indo-Nepal frontier, where illegal movement of arms and contraband has remained a recurring concern for enforcement agencies. Officials indicated that sustained surveillance and coordinated field intelligence played a crucial role in the success of the raid. Police sources attributed the swift action to the active monitoring of Sikrahana DSP and the close operational coordination maintained under the leadership of East Champaran Superintendent of Police Swarna Prabhat. The involvement of STF personnel alongside local police units reflected a multi-agency approach aimed at dismantling organised criminal networks in the border districts. Investigators are now examining possible interstate and cross-border connections linked to the recovered weapons.

# Won't revisit 'Hinduism a way of life' ruling, SC says in Sabarimala case

**New Delhi, Agency:** Dealing with the sensitive issue of 'faith vs fundamental rights' emanating from quashing of a Sabarimala Ayyappa temple custom barring the entry of women in the 10-50 age group, a nine-judge SC bench on Wednesday said it would not revisit SC's three-decade-old ruling of "Hinduism is a way of life". As counsel after counsel questioned various religious practices in several denominations under the umbrella of Hinduism and favoured identification of its essential religious practices that alone could get protection under the Constitution, the bench of CJI Surya Kant and Justices B V Nagarathna, M M Sundresh, Ahsanuddin Amanullah, Aravind Kumar, A G Masih, P B Varale, R Mahadevan and J Bagchi said the court should not be the forum to determine what is an ideal



religious practice. Justice Nagarathna said, "As far as Hinduism is concerned, the court had long back settled that it is a way of life. We need not reiterate it nor revisit it."

This remark came when senior advocate G Mohan Gopal said the court was interpreting the interplay of Article 25, which gave individuals the right of freedom of conscience and right to freedom of religion, and Article 26, which conferred the right to religion on a denomination.

Gopal said the court should carve out space for dissenters within the denominations to enable reforms in the practices, which is stifled at present. The bench disagreed with him and Justice Nagarathna said, "Whether a person goes to a temple or not for worship is neither a qualification of disqualification in Hinduism."

CJI Kant said, "Hindusim is flexible and accommodates myriad ways of worship without forcing anyone to go to a temple. A person who goes to a temple is as much a Hindu as the person who quietly lights a lamp in his small hut with a silent prayer." He said SC is not a super-spiritual leader to interpret religious practices, reform of which is primarily in the hand of the legislature.

The "Hinduism is a way of life" ruling by a three-judge bench came on a petition challenging a Bombay HC judgment that had quashed the election of Shiv Sena candidate Ramesh Yeshwant Prabhoo on the ground that party supremo Bal Thackeray, while campaigning for the candidate, had appealed for votes in the name of religion.